वर्ष : 16 अंक : 227 मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHI/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 10 दिसम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# 'ऐसे कब तक चीजें मुफ्त बांटी जाएंगी?', कोर्ट ने पूछा- रोजगार के अवसर क्यों नहीं दिए जा रहे

### क्षमता निर्माण पर फोकस करे सरकार

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, 'इसका मतलब है कि केवल करदाता ही इससे वंचित हैं।' दरअसल कोरोना महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों की समस्याओं पर स्वतः संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। एक एनजीओ की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने मांग की कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त राशन देने के निर्देश दिए जाने चाहिए। भूषण ने कहा कि अदालत द्वारा समय-समय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी करने के निर्देश जारी किए गए हैं ताकि वे केंद्र द्वारा प्रदान किए जाने वाले मुफ्त राशन का लाभ उठा सकें।



नई दिल्ली । प्रशांत भूषण ने कहा कि यदि जनगणना 2021 में की गई होती, तो प्रवासी श्रमिकों की संख्या में वृद्धि होती, लेकिन केंद्र वर्तमान में 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है। इस पर पीठ ने कहा, 'हमें केंद्र और राज्यों के बीच विभाजन पैदा नहीं करना चाहिए, वरना यह बहुत मुश्किल होगा।'

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार द्वारा मुफ्त में बांटी जा रहीं चीजों पर चिंता जाहिर की है और सवाल किया है कि आखिर कब तक चीजें ऐसे मुफ्त दी जाती रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार को रोजगार के अवसर देने पर फोकस करना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने यह बात कही। दरअसल पीठ उस समय हैरान रह गई जब केंद्र ने अदालत को बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त या रियायती राशन दिया जा रहा है।

इस पर पीठ ने कहा, 'कब तक मुफ्त में दिया जा सकता है? हम इन प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण के लिए काम क्यों नहीं करते?' प्रशांत भूषण ने कहा कि यदि जनगणना 2021 में की गई होती, तो प्रवासी श्रमिकों की संख्या में वृद्धि होती, लेकिन केंद्र वर्तमान में 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है। इस पर पीठ ने कहा, 'हमें केंद्र और राज्यों के बीच विभाजन पैदा नहीं करना चाहिए, वरना यह बहुत मुश्किल होगा।'

मेहता ने पलटवार करते हुए कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह (भूषण) इतना नीचे गिर जाएंगे, लेकिन अब जब उन्होंने ई-मेल का मुद्दा उठाया है, तो उन्हें जवाब देने की जरूरत है। उन ई-मेल पर अदालत ने विचार किया था। जब कोई सरकार या देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो उसे ऐसी याचिकाओं पर आपत्ति जतानी ही पड़ती है।' न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मेहता और भूषण दोनों को शांत करने की कोशिश की और कहा कि प्रवासी श्रमिकों के मामले को विस्तृत सुनवाई के लिए 8 जनवरी के लिए सूचीबद्ध किया।

### सुनवाई के दौरान भिड़े तुषार मेहता और प्रशांत भूषण

सुनवाई के दौरान मेहता और भूषण के बीच कुछ तीखी नोकझोंक भी हुई क्योंकि सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अदालत को 'एक आरामकुर्सी एनजीओ द्वारा दिए गए डेटा और आंकड़ों पर भरोसा नहीं करना चाहिए, जो लोगों को राहत प्रदान करने के बजाय शीर्ष अदालत में याचिका का मसौदा तैयार करने और दायर करने में व्यस्त था'। इस पर भूषण ने कहा कि मेहता उनसे नाराज थे क्योंकि उन्होंने उनसे संबंधित कुछ ईमेल जारी किए थे, जिसका गलत प्रभाव पड़ा।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### राहुल गांधी लड़ते क्यों नहीं हैं ?

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी। लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरूआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर जो स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आने लगी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है। झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई बार इशारों-इशारों में और कई बार खुलकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठा चुके हैं। उनके चाचा रामगोपाल यादव ने तो राहुल गांधी पर खुलकर हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि वे इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। उद्धव ठाकरे, पहले से ही राहुल गांधी से नाराज हैं कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस नेता ने विधानसभा चुनाव के समय उन्हें महाविकास अघाड़ी की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## सार समाचार

### हिमाचल में बदला मौसम, पहाड़ों में बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य के उच्च पर्वतीय व पहाड़ी क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, शिमला, सिरमौर और चम्बा जिलों के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ गिर रही है। अटल टनल रोहतांग में भी बर्फबारी जारी है। कुल्लू जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए सैलानियों व लोगों से मौसम के दौरान ऊंचे स्थानों का रुख न करने की अपील की है। शिमला जिला के चौपाल में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। इससे बागवानों व पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। यहां लोगों को लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार था। इसी तरह शिमला से सटे ठियोग और नारकंडा में भी हल्की बर्फबारी हो रही है। वहीं शिमला शहर में सर्द हवाएं चल रही हैं, जिससे लोग ठिठुर रहे हैं।

### हरिद्वार में अनूठे मंदिर का शिलान्यास

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार जल्द ही विश्व की सबसे भव्य और अनूठी आध्यात्मिक धरोहर का केंद्र बनने जा रही है। यहां 51 शक्तिपीठ और द्वादश ज्योतिर्लिंग एक ही स्थान पर स्थापित की योजना है, जो दुनियाभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व संगम होगा। लगभग 35 करोड़ की लागत से बनने वाला यह मंदिर भारतीय संस्कृति और धार्मिक एकता का ऐसा प्रतीक होगा, जो संपूर्ण विश्व में अपनी मिसाल कायम करेगा। रविवार को हरिद्वार के श्यामपुर और कांगड़ी क्षेत्र में संत ललितानंद गिरि महाराज व समाजसेवी देवराज पवार ने भूमि पूजन कर इस अद्वितीय मंदिर की आधारशिला रखी।

### बांग्लादेशी नागरिकों का इलाज नहीं करने की मांग

**कछार (असम)।** होटल और रेस्टोरेंट के बाद अब चिकित्सा क्षेत्र में भी बांग्लादेशी नागरिकों के इलाज का बहिष्कार करने की मांग जोर पकड़ रही है। सिलचर की एक स्वयंसेवी संस्था जय राधे सेवा समिति ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर राज्य के निजी अस्पतालों और डॉक्टर समुदाय से इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार अमानवीय हैं। देश में अल्पसंख्यक उत्पीड़न चरम सीमा पर पहुंच गया है। इसके साथ ही, वहां के तथाकथित बुद्धिजीवी, आंदोलनकारी और छात्र संगठन भारत विरोधी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं।

### चेन्नई में मानसिक रूप से बीमार छात्रा से दुष्कर्म

**चेन्नई।** चेन्नई में मानसिक रूप से बीमार एक कॉलेज छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने जनता से अपील की है कि इस मामले में टिप्पणी करने से बचें, क्योंकि इससे पीड़िता के परिवार को मानसिक पीड़ा होगी। पुलिस ने रविवार को जानकारी दी कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के पिता ने शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पीड़िता के मित्र और उसके साथियों से पूछताछ की। जांच के दौरान पाया गया कि पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था पुलिस के अनुसार, जांच के बाद संदिग्धों के खिलाफ संबंधित अधिनियमों की नौ धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए गृहमंत्री

# सीमा पर खड़े बीएसएफ जवानों पर किसी को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं: शाह

एजेंसी, जोधपुर

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही सीमा सुरक्षा बल ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मज़बूत करने का काम किया है। बीएसएफ ने सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है। इन्हीं के भरोसे अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए बीएसएफ जवानों को जाता है और किसी को इन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा कि आठ दिसंबर 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी।

छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा ज़रूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है। शाह ने कहा कि दो लाख 70 हज़ार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें एक महावीर चक्र, छह कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं।

अमित शाह ने कहा कि कई साल तक सीमा सुरक्षा की हमारी नीति धुंधली सी थी। उन्होंने कहा कि अटलजी के कार्यकाल में सीमा प्रबंधन पर इंटीग्रेटेड अप्रोच के साथ एक सीमा एक बल की नीति को नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद और ज़्यादा स्पष्ट किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में मज़बूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, गांवों में कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और सीमा पर स्थित देश के प्रथम गांवों में रेल, रोड़, वाटर-वे और तकनीक की दृष्टि से अच्छी कनेक्टिविटी स्थापित करने का काम किया गया है। शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से कानूनी व्यापार और लोगों के बीच संपर्क को भी आगे बढ़ाया है।



### जवानों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने कई काम किए

शाह ने कहा कि देश के सुरक्षाबलों के जवानों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान सीएपीएफ के माध्यम से 41 लाख 21 हजार 443 जवानों और उनके परिजनों को आयुष्मान कार्ड दिए गए हैं। देश के हज़ारों अस्पतालों को इस कार्ड के साथ जोड़कर जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता करने का काम मोदी ने किया है। अब तक कुल 1600 करोड़ रुपये के 14 .83 लाख दावों का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही 29890 अस्पतालों में जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता कैशलेस तरीके से की गई है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाउसिंग सेटिस्फेक्शन रेश्यो बढ़ाने के लिए पिछले पांच साल में 13000 घरों को मंज़ूरी दी गई है और गत पांच साल में मंज़ूर किए गए 11000 घरों को बनाने का काम पूरा कर दिया गया है। इसके साथ–साथ, 111 बैरक बनाए गए हैं और सीएपीएफ ई–आवास वेब पोर्टल के माध्यम से खाली पड़े घरों को आवंटित करने का काम भी किया गया है।

### लगभग 3000 गांवों में वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया

शाह ने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 4800 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया गया वायब्रेंट विलेज प्रोग्राम है। इसके तहत देश की उत्तरी सीमा पर कई गांवों को वायब्रेंट विलेज बनाया गया है, विशेषकर उन गांवों में जहां पर पलायन की समस्या थी। ऐसे गांवों में हर प्रकार की कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सुविधाएं और वहां के नागरिकों को सम्मान, रोजगार और बेसिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई प्रकार के काम किए गए हैं। शाह ने कहा कि लगभग 3000 गांवों में प्रायोगिक स्तर पर वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसे बाद में देश की सीमा के हर गांव तक पहुंचाया जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल द्वारा ओखा में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस अकादमी की स्थापना की गई है। इसके साथ ही मोदी सरकार संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली लाई है। सीमा सुरक्षा बल में कॉम्प्रिहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी में स्थापित किया गया है। इसमें कुछ सुधार कर पाकिस्तान और बांग्लादेश की पूरी सीमा पर लागू किया जाएगा। शाह ने कहा कि बॉर्डर फेंस को सुदृढ़ करने और भारत की ओर सीमा पर सड़कों के निर्माण के साथ–साथ कई और इंफ्रास्ट्रक्चर के काम किए गए हैं। ड्रोन समस्या का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में यह और बड़ी हो जाएगी।

### जॉर्ज सोरोस और अदाणी मुद्दे पर संसद में हंगामा

**दिल्ली।** विपक्ष के सदस्यों के विरोध के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों का दावा है कि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के उनके अनुरोध को सत्ता पक्ष द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। इनमें दिल्ली में किसानों का विरोध प्रदर्शन और मणिपुर में चल रहा संघर्ष शामिल है। वहीं, दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) फाउंडेशन के जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कथित संबंध के बारे में दावा किया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने अदाणी समूह से जुड़े मामले तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार को लोकसभा में हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। पिछले कुछ दिनों से लोकसभा में निरंतर गतिरोध बना हुआ है। सोमवार को सदन की बैठक पहले दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई। इसके बाद कार्यवाही अपराह्न दो बजे और फिर तीन बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने अप्रैल से अक्टूबर महीने के बीच 17,818 फर्जी प्रतिष्ठानों की 35,132 करोड़ रुपये की आयकर चोरी के मामलों का पता लगाया है और 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। सरकार ने सोमवार को संसद को यह जानकारी दी।

## आक्रोशित सभा में व्यक्त किया आक्रोश

# बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर नोएडा में उमड़ा भारी जनसैलाब



एजेंसी, नोएडा

बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध अत्याचार, अनाचार और संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ़्तारी के विरोध में रविवार को नोएडा सेक्टर 33ए के पार्क में हिन्दू समाज का सैलाब उमड़ पड़ा। आक्रोशित सभा मे वक्ताओं ने कहा कि बंग्लादेश में सुनियोजित तरीक़े से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। सनातन धर्म रक्षा समिति की अगुवाई में अयोजित आक्रोशित सभा मे सनातन हिंदू समाज से हज़ारों की संख्या मे पूरे जिले से गांव- देहात, सोसाइटी और शहर से सनातन समाज के लोग बड़ी भारी संख्या में एकत्रित हुए जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठन, मातृशक्ति और हिंदू परिवार के लोग शामिल थे। इस अवसर पर बिग्रेडियर संजय अग्रवाल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रतीकों को नष्ट किया जा रहा है। बिग्रेडियर अग्रवाल ने कहा कि हमारे शास्त्र बताते हैं कि अपने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना उचित ही नहीं धर्म संगत भी है, हम तभी सुरक्षित हैं जब हमारा धर्म सुरक्षित होगा।

### कोर्ट ने सुखबीर के हमलावर को 3 दिन के लिए रिमांड पर भेजा

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने वाले नारायण सिंह चौड़ा को अमृतसर की कोर्ट ने फिर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। पुलिस आरोपित चौड़ा के कुछ हथियार की बरामदगी के लिए उसे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी ले जाएगी। दरअसल, 4 दिसंबर को दरबार साहिब के गेट पर सेवादार का चोला पहनकर बैठे सुखबीर सिंह बादल पर नारायण सिंह चौड़ा ने फायरिंग कर दी थी। प्रथम रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद नारायण सिंह चौड़ा को रविवार को अमृतसर की कोर्ट में पेश किया गया।

# मुंबई के कुर्ला में बड़ा सड़क हादसा, तीन की मौत-17 घायल; कई वाहन क्षतिग्रस्त

मुंबई । मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के शिकार हुए कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

मुंबई के कुर्ला इलाके में सोमवार देर शाम एक बस ने कई लोगों को कुचल दिया। बस ने सड़क पर खड़े कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 17 लोग घायल हो गए। हादसे के शिकार हुए कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।पुलिस ने बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार रात कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बार्वे मार्ग पर अंजुम-ए-इस्लाम स्कूल के पास बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट की बस कुछ वाहनों से टकरा गई। जिसमें कम से कम 17 लोग घायल हो गए। मुंबई के दमकल विभाग के मुताबिक, यह बस दुर्घटना रात 9.50 बजे हुई। कुर्ला के भाभा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ अब्दुल ने बताया कि 10 घायलों को अस्पताल लाया गया है।




### कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत की उम्मीद

# राजनाथ की रूस यात्रा में उठेगा एस–400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा

एजेंसी, नई दिल्ली

यूक्रेन से संघर्ष के चलते भारत को दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत होने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह रूस में निर्मित दो गाइडेड-मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले आईएनएस तुशील को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। रूस अब तक भारत को 3 एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है,



जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। चौथी प्रणाली मार्च, 2026 में और पांचवीं प्रणाली 2026 के अंत तक मिलने की संभावना है। यह दो साल की देरी यूक्रेन से संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के कारण हुई है। वायु सेना ने अब तक मिले 03 सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। भारत ने दो एस-400 स्क्वाड्रन को पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया है। तीसरी स्क्वाड्रन को पंजाब में इस तरह से तैनात किया गया है, ताकि पाकिस्तान की सीमा के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी कवर किया जा सके। यह सिस्टम 380 किलोमीटर की रेंज में दुश्मन के बमवर्षकों, जेट विमानों, जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकते हैं। रक्षा मंत्री 8-10 दिसंबर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह 09 दिसंबर को कलिनिनग्राद में भारत को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तुशील' सौंपेंगे, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित सेंसर और हथियारों से लैस है।

### सशस्त्र बलों के लिए पुर्जों की आपूर्ति बड़ी समस्या

यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध के चलते रूस से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए पुर्जों की आपूर्ति एक बड़ी समस्या बन गई है। भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही पिछले दशक में सैन्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के लिए पश्चिमी देशों की ओर रुख किया है। इसलिए रूस अभी भी भारत के लिए मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जो हथियारों के आयात का 36 फीसदी से अधिक हिस्सा है। भारत को स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तुशील' मिलने के बाद दूसरे फ्रिगेट को अगले वर्ष की शुरुआत में आईएनएस 'तमाल' के रूप में शामिल किया जाएगा। अन्य दो का निर्माण गोवा शिपयार्ड में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ लगभग 13,000 करोड़ रुपये की कुल लागत से किया जा रहा है, जिसमें से पहला इस साल जुलाई में 'त्रिपुट' के रूप में लॉन्च किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# धार्मिक पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा उत्तराखंड: धामी

एजेंसी, देहरादून

उत्तराखंड के चार धामों के दर्शन अब श्रद्धालु अब शीतकाल में भी कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने तमामव्यवस्थाएं कर रखी हैं। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचकेदारों के गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारों धामों की शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के पहले दिन ही उखीमठ में श्रद्धालुओं की खासी संख्या देखने को मिली, जिससे यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन के साथ अब



शीतकालीन यात्रा से श्रद्धालुओं को न केवल चारों धामों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा के दौरान चारों धामों में दर्शन के लिए अवश्य आएं और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## यूथ कांग्रेस ने किया 'यंग इंडिया के बोल'-5 मंच को लॉन्च

# युवा मंच के जरिए युवा बेरोजगारी और नशाखोरी के खिलाफ अपनी बात रख सकेंगे

**>> मंच पर रजिस्टर करने के लिए "With IYC" ऐप डाउनलोड करना होगा**







**नई दिल्ली।** 09 दिसंबर भारतीय यूथ कांग्रेस ने सोमवार को 'यंग इंडिया के बोल' मंच के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया है। इस दौरान एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की उपस्थिति में मंच से जुड़ा पोस्टर भी लॉन्च किया गया। देश के युवा मंच के जरिए बेरोजगारी और नशाखोरी के खिलाफ अपनी बात रख सकेंगे। इस मंच पर रजिस्टर करने के लिए "ह्वइँ कउ" ऐप डाउनलोड करना होगा। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिबने कहा कि आज देश के युवाओं में बेरोजगारी और नशाखोरी की दो बड़ी समस्याएं हैं। इसके खिलाफ यूथ कांग्रेस ने आंदोलन शुरू किया है, जिसका नाम 'नौकरी दो, नशा नहीं' है। यह सब जानते हैं कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, हजारों-लाखों करोड़ का नशा हमारे देश के युवाओं को तबाह कर रहा है। इसे रोकने की जिम्मेदारी मोदी सरकार की है, लेकिन इस ओर उसका बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का पूरा ध्यान अपने दोस्त अडानी को बचाने में है। इसके खिलाफ यूथ कांग्रेस लगातार प्रयास कर रही है, इसलिए हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा युवा हमारे साथ जुड़ें। कई युवा हमारे साथ जुड़ना चाहते हैं, लेकिन आंदोलन में नहीं आ सकते। उनके लिए यूथ कांग्रेस ने 'यंग इंडिया के बोल' के पांचवें संस्करण को लॉन्च किया है। इसके जरिए यूथ कांग्रेस ने देश के युवाओं को एक मंच दिया है, ताकि वे बेरोजगारी और नशाखोरी के खिलाफ अपनी बात रख सकें। इसमें सभी युवाओं को बराबरी का मौका मिलेगा और जो अच्छे वक्ता होंगे उन्हें संगठन में भी जगह दी जाएगी। वहीं कन्हैया कुमार ने कहा कि यूथ कांग्रेस लगातार देश के युवाओं के मुद्दों पर संघर्ष करती है। देश में युवाओं के हालात कैसे बदलें, उनकी समस्याओं को कैसे हल किया जाए, हम उसके लिए कई तरह के रचनात्मक प्रोग्राम भी करते रहे हैं। 'यंग इंडिया के बोल' देश भर के नौजवानों के लिए अपना पक्ष रखने और हमारे साथ जुड़ने का एक मंच है। इसके माध्यम से युवा बेरोजगारी के खिलाफ अपनी बात रखेंगे। आज देश में युवाओं के पास रोजगार नहीं है। हालात ये हैं कि आईआईटी-आईआईएम वालों को भी रोजगार नहीं मिल रहा। भारत दुनिया का सबसे नौजवान देश है। 55 प्रतिशत जनसंख्या युवा है, दुनिया का हर पांचवां युवक भारतीय है। इतना नौजवान भारत कभी नहीं था। इतनी नौजवान आबादी, पढ़े लिखे युवा होने के बावजूद वास्तवविकता यह है कि एक घंटे में दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। यह दर किसानों की आत्महत्या दर से भी अधिक है। यह कितनी दर्दनाक बात है कि जनसंख्या वृद्धि दर से आत्महत्या वृद्धि दर आगे निकल गई है। ऐसा क्यों हो रहा है। इसकी वजह है कि एक तरफ पढ़े-लिखे नौजवान के पास पांच हजार रुपये की नौकरी नहीं है, वहीं एक अन्य नौजवान की शादी में पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कन्हैया कुमार ने कहा कि नौजवानों को साजिश के तहत नशे में धकेला जा रहा है। नौजवान अगर होश में होगा, तो नौकरी मांगेगा। इसलिए उसको नशे में धकेलने की साजिश की जा रही है।

## उप-मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से भेंट की

# विभिन्न परियोजनाओं के लिए वित्तीय राशि जारी करने का आग्रह किया



**नई दिल्ली।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट की और जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के जल शक्ति विभाग को राशि जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री को अवगत करवाया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हिमाचल को वर्तमान वित्त वर्ष के लिए 916.53 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी, जिसमें से अब तक प्रदेश को केवल 137.48 करोड़ रुपये की राशि ही जारी की गई है और पूरी राशि न मिलने के कारण प्रदेश में चल रही परियोजनाओं का कार्य प्रभावित हो रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने सीआर पाटिल से जल जीवन मिशन के तहत पहली किश्त का पहला व दूसरा ट्रेंच जारी करने का आग्रह किया ताकि प्रदेश में चल रही योजनाओं का कार्य समयबद्ध सुनिश्चित किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह इस स्थिति से भली-भांति अवगत हैं और शीघ्र ही हिमाचल को धनराशि जारी की जाएगी। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के लोगों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसके दृष्टिगत उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से उदार वित्तीय सहायता देने का आग्रह किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से 517.16 करोड़ रुपये की लागत वाली 67 शीतकालीन जल आपूर्ति योजनाओं ( जिसमें वाइब्रेंट विलेज योजना भी शामिल हैं) को निष्पादित करने की अनुमति के मामले पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की और इन योजनाओं को मंजूरी देने का आग्रह किया ताकि जनजातीय क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। मुकेश अग्निहोत्री ने पीएमकेएसवाई के तहत वित्त पोषण के लिए फिन्ना सिंह परियोजना को शामिल करने के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और इस वित्त वर्ष के लिए 135 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से 120.79 करोड़ रुपये की लागत की बीत और कुटलेहड़ परियोजनाओं को मंजूरी देने का आग्रह किया। सीआर पाटिल ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर धनराशि आवंटित की जाएगी। उप-मुख्यमंत्री ने पीएमकेएसवाई के तहत चल रही अन्य सिंचाई परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता जारी करने पर भी चर्चा की। इसके अलावा, एसएमआई परियोजना लबरंग, गार्डन कॉलोनी जिला किन्नौर, एलआईएस बरोटी मंडप जिला मंडी और एलआईएस संधोल जिला मंडी के लिए 3.26 करोड़ रुपये की शेष केन्द्रीय सहायता जारी करने का भी आग्रह किया। मुकेश अग्निहोत्री ने नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत पांच मल निकासी योजनाओं (जिला शिमला के चिड़गांव, रोहड़ू और सरस्वती नगर, जिला सोलन के सोलन और कंडाघाट, जिला सिरमौर के ददाहू और राजगढ़ शहर) के लिए पांच करोड़ रुपये स्वीकृत करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने उप-मुख्यमंत्री को प्रदेश की सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

# --- योद्धा माधोसिंह भंडारी --

**– डॉ. जया शुक्ला**

गढ़वाल में भड़ पुकारे जानेवाले योद्धा माधोसिंह भंडारी की गाथाका गढ़वालके पवाड़ों-गाथाओं पर गहरा प्रभाव है। तीलू रौतेली, जीतू बगडवाल, रीखोला नेगी, रामी बौराण जैसे लोकप्रिय गीत गढ़वाल की गाथाओं और पवाड़ोंमें वैसेही प्रसिद्धहैं, जैसे राजस्थान मेँ आल्हा गायन। माधोसिंह भंडारी माहयोद्धा थे, जो गढ़वालके राजा महिपत शाह के दौरके थे, और राजधानी श्रीनगर के नजदीक मलेथा गांवके थे। तिब्बतकी तरफसे गढ़वाल राज्यकी सीमापर अक्सर हमले होतेथे। तीन बार खुद योद्धा राजा महिपतशाह तिब्बतियोंको भगाचुके थे लेकिन वह मुगलोंके हमलोंको रोकते रोकते थकचुके थे। कहते हैँ कि राजाने वीर योद्धा माधोसिंह भंडारी को बुलावा भेजा और तिब्बतियोंको खदेडने यको कहा। माधोसिंह तिब्बत निकलपड़े और कई सालोंबाद लौटे, जिसे गाथाओं में माधोसिंह भंडारी की तिब्बत विजय गाथा कहाजाता है। महिपत शाह 1622 में राजा बने। महाराज श्यामशाह के अलकनंदा में डूबनेके बाद महिपतशाह को गद्दी मिली। महिपत शाह महान योद्धा थे और मुगलों के साथ ही तिब्बत जैसे मुश्किल क्षेत्रमें कईबार युद्ध लड़ा। आखिर लड़ते लड़ते 1631 में वीरगतिको प्राप्त होगये। इधर खोजकर्ता कहते हैं कि 1830 में कुमायूं में जन्मे नैनसिंह रावत तिब्बत की धरती पर विकट रास्तोंसे पैदल जानेवाले पहले भारतीय थे। वह सर्वेकर्ता दो अंग्रेज वंधुओं के मार्गदर्शक बने और सफल यात्रा के बाद उन्हें सर्वे आफ इंडिया में सर्वेक्षक नियुक्त किया गया। नैनसिंह रावत को विकट हिमालय से तिब्बतका रास्ता बतानेवाला पहला व्यक्ति मानाजाता है, लेकिन गाथा कहती है कि उससे पहले गढवाल के राजा महिपतशाह के दरवार के भड़ माधोसिंह भंडारी ने तिब्बत जीता। इसका मतलब कि अंग्रेजों के साथ तिब्बत पहुंचनेवाले नैनसिंह रावत से बहुत पहले माधोसिंह भंडारी तिब्बत गए थे। यह भी कहते हैं कि राजा महीपतशाह और रीखोल नेगी उससे भी पहले तिब्बत सीमा तक गए और तिब्बतियोंको खदेड़ आए थे। सच क्या है यह शोध का विषय है।





देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के आखिरी 30वें दिन बवाना विधानसभा में कृष्ण विहार, राठी काम्पलैक्स से शुरू हुई और रिठाला विधानसभा की सैनी चौपाल नाहरपुर गांव में समाप्त हुई।

## सुविधाजनक और उत्पादक कार्यस्थल का निर्माण, स्थानीय व्यवसायों के लिए बेहतर अवसर

नई दिल्ली, दिसम्बर : कार्यस्थल डिजाइन और नवाचार में अग्रणी कंपनी स्टीलकेस ने टर्नस्टैंड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से नोएडा के सैक्टर 127 में अपना नया डीलर शोरूम लॉन्च किया है। यह शोरूम न केवल उत्तर भारत में स्टीलकेस की उपस्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को अत्याधुनिक कार्यस्थल डिजाइन के विकल्प भी प्रदान करेगा। इस शोरूम में स्टीलकेस के उन्नत उत्पाद, जैसे थिंक, जेस्चरट्ठ और स्टीलकेस कार्मेनट्ठ टास्क चेयर्स, मॉडर्न वर्कस्टेशन्स और सहयोगी फर्नीचर जैसे लेक्सको, माइग्रेशन एसई प्रो और फ्लेक्सकलेक्शन उपलब्ध हैं। ग्राहक यहां स्टीलकेस और विश्व प्रसिद्ध ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स का अनुभव ले सकते हैं। स्टीलकेस के भारत और सार्क के प्रबंध निदेशक तीर्थाकर बसु ने इसे नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में कंपनी की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह स्थान केवल एक शोरूम नहीं, बल्कि नवाचार, उत्कृष्ट सेवा और अनुभवों का केंद्र है। टर्नस्टैंड के डायरेक्टर्स विकास श्रीवास्तव और श्वेता श्रीवास्तव ने आधुनिक और उत्पादक कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## रक्षा मंत्री ने जनता से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह किया

नई दिल्ली, दिसम्बर : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस (एएफएफडी) कोष में आगे आकर उदारतापूर्वक योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ-साथ उनके परिवारों का कल्याण सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। एएफएफडी के अवसर पर एक्स पर एक वीडियो संदेश में रक्षा मंत्री ने इस दिन को नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और समर्पण को पहचानने और उन बहादुर सैनिकों के प्रति अपने दायित्व को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच की तरह हैं, जो सभी स्थितियों में हमारी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं न केवल बाहरी खतरों के खिलाफ, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। हमारे सैनिकों का बलिदान और अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपना योगदान देने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## सेना प्रमुख ने उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की




**दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को उधमपुर में स्थित उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों के पेशेवर कामकाज और परिचालन में तालमेल कायम करने के प्रति कमान द्वारा की गई पहलों की सराहना की। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) ने संयुक्त क्षमता को और बढ़ाने के उद्देश्य से हुई बैठक की अध्यक्षता भी की। थलसेना,वायु सेना, नौसेना और आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि उधमपुर स्थित कमान मुख्यालय का दौरा करने के बाद जनरल द्विवेदी ने लद्दाख रवाना हो गए।

## आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की



**दिल्ली।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास नेद्विमासिक मौद्रिक नीति पेश करने के एक दिन बाद शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दोनों की मुलाकात दास का विस्तारित कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले हुई। दास का तीन साल का विस्तारित कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। वर्ष 2021 में, सरकार ने दास का कार्यकाल समाप्त होने से एक महीना पहले तीन साल बढ़ाने की घोषणा की थी।

## प्रमुख स्वामी महाराज ने लाखों लोगों को प्रेरित किया, उन्हें साहस दिया : अमित शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को अहमदाबाद में कहा कि बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के दिवंगत प्रमुख स्वामी महाराज ने लाखों लोगों को प्रेरित किया और उन्हें परेशानियों का सामना करने व समाज के लाभ के लिए काम करने का साहस दिया। शाह ने यह बात नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आयोजित बीएपीएस संप्रदाय के कार्यकर्ता सम्मेलन में कही, जहां हजारों स्वयंसेवक उपस्थित थे। उन्होंने कहा, प्रमुख स्वामी महाराज ने लाखों लोगों के जीवन में आस्था का मंत्र जगाया, उन्हें कठिनाइयों से जूझने का साहस दिया और समाज के लिए कार्य करने के उद्देश्य से सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रमुख स्वामी महाराज ने देश-विदेश में 1200 से अधिक मंदिरों का निर्माण कराया।

# हॉर्नबिल महोत्सव की रजत जयंती : परंपरा, एकता एवं संस्कृति के 25 वर्षों का उत्सव

नई दिल्ली, दिसम्बर : जनजातीय कार्य मंत्रालय देश के जनजातीय समुदायों की जीवंत कला, संस्कृति एवं विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देकर उन्हें सशक्त बनाने के अपने मिशन में अडिग है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने इस प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए हॉर्नबिल महोत्सव के 25वें संस्करण के लिए टीआरआई को सहयोग योजना के अंतर्गत सांकेतिक वित्तीय अनुदान स्वीकृत किया है, जो इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नागालैंड में प्रतिवर्ष 1 से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाले हॉर्नबिल महोत्सव को अक्सर ह्लत्योहारों का उत्सव कहा जाता है और यह राज्य की सांस्कृतिक विविधता का एक भव्य समारोह है। नागालैंड की लोक-कथाओं के अनुसार पूजनीय पक्षी हॉर्नबिल के नाम पर मनाया जाने वाला यह महोत्सव राज्य के विभिन्न जातीय समूहों को उनकी साझा परंपराओं और रीति-रिवाजों को मनाने के लिए एकजुट करता है। हॉर्नबिल महोत्सव वर्ष 2000 में अपनी शुरूआत के बाद से ही नागालैंड के सांस्कृतिक कैलेंडर का आधार रहा है, जो एक ऐसे राज्य की परंपराओं को उजागर करता है, जहां पर 60 फिसदी से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर करती है। राज्य की राजधानी से 12 किलोमीटर दूर किसामा स्थित नागा हेरिटेज गांव में मनाया जाने वाला यह उत्सव परंपराओं का अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करता है।

## शराब ठेकेदार पर फायरिंग मामले में धारसूल का बिट्टू गिरफ्तार, 3 दिन के रिमांड पर

भूना, दिसंबर : जांडलीकला बस स्टैंड के समीप 9 अक्टूबर को दिनदहाड़े शराब ठेकेदार पर फायरिंग करके जानलेवा हमले में शामिल बिट्टू उर्फ कन्नू नामक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शराब ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा ने हत्या प्रयास मामले में होंडा एक्सेंट कार के चालक बिट्टू उर्फ कन्नू की पुलिस स्टेशन में पहुंचकर शिनाख्त की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश करके तीन दिन के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी ने कबूल किया है कि शराब ठेकेदार पर हमला करने वाले चार अन्य बदमाश विक्रम भांभू गैंग से जुड़े हुए हैं। सब इंस्पेक्टर रामपाल खिलेरी ने बताया कि पुलिस बिट्टू उर्फ कन्नू से रिमांड के दौरान उनके साथी बदमाशों के नाम उगलवाने तथा ठिकानों को लेकर पूछताछ करेगी। शराब ठेकेदार पर जानलेवा हमले के दो महीने बीत जाने के बाद पुलिस ने होंडा एक्सेंट कार के चालक बिट्टू उर्फ कन्नू को शुक्रवार की देर शाम को गिरफ्तार किया है। जबकि चार मुख्य हमलावर अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस ने 9 अक्टूबर को शराब ठेकेदार की शिकायत पर होंडा एक्सेंट कार में आए पांच बदमाशों के खिलाफ हत्या प्रयास व अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच-पड़ताल शुरू की थी।

### शराब ठेकेदार व उसके दो सहयोगियों पर हुआ था जानलेवा हमला

कनौह गांव के 42 वर्षीय शराब ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा 9 अक्टूबर की दोपहर बाद फतेहाबाद से स्कॉर्पियो गाड़ी में अपने सहयोगी सुशील कुमार बिढ़ाईखेड़ा व जोगिंदर सिंह उर्फ जोगा के साथ जांडलीकला बस स्टैंड पर पहुंचे थे। उपरोक्त जांडलीकला के होटल पर आकर रुके तो अचानक भूना की साइड से होंडा एक्सेंट कार उनके पास आकर रुकी। जिनमें से चार बदमाश अपने- अपने दोनों हाथों में असला लिए हुए थे और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। लेकिन ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा व सुशील कुमार तथा जोगिंदर उर्फ जोगा ने स्कॉर्पियो की आड़ लेकर राजवाहे के दूसरी और कूद कर अपनी जान बचाई। परंतु ठेकेदार की जवाबी कार्रवाई करने और बस स्टैंड पर मौजूद ग्रामीणों के ललकारने के बाद उपरोक्त पांचों बदमाश होंडा एक्सेंट कार को फतेहाबाद की दिशा में भगाकर फरार हो गए थे। उपरोक्त चारों बदमाशों ने अपने अवैध असलों से सात राउंड फायर किए।गनीमत रही कि ठेकेदार व उसके दोनों साथियों में से किसी को भी गोली नहीं लगी और तीनों बाल- बाल बच गए थे।

### शराब ठेकेदार पर पहले भी दो बार हो चुका है हमला, अब तीसरे हमले में भी भांभू गैंग के गुर्गों का हाथ

शराब ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा ने बताया कि जांडलीकला बस स्टैंड पर 9 अक्टूबर बुधवार की दोपहर बाद करीब ढाई बजे होंडा एक्सेंट कार में आए पांच बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला किया था। जिन्होंने मुझ पर व मेरे दोनों साथियों पर फायरिंग शुरू कर दी थी।इसलिए हमने खेतों में भाग कर जान बचाई और बदमाशों से बचने के लिए अपनी लाइसेंसी पिस्टल से दो राउंड जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। शराब ठेकेदार ने बताया कि विक्रम भांभू गैंगवार से जुड़े हुए बदमाशों ने ही हमला किए जाने की आशंका जताई थी जो सही साबित हुई है। क्योंकि उपरोक्त पांचों ही बदमाश विक्रम भांभू गैंग के गुर्गे हैं।

**एसपी ने ठेकेदार की सुरक्षा के लिए गनर लगाया :** शराब ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा ने बताया कि वर्ष 2019 में उनके ऊपर जानलेवा हमला होने के बाद पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद के माध्यम से वर्ष 2020 में पुलिस सुरक्षा दी गई थी। लेकिन जनवरी 2023 में पुलिस सुरक्षा हटा ली गई। ठेकेदार ने बताया कि उनकी जान को खतरा होने के बावजूद भी पुलिस सुरक्षा हटाने के पीछे बताया गया कि उनका शस्त्र लाइसेंस बन चुका है। उन्होंने बताया कि विक्रम भांभू गैंगवार के खिलाफ अभी दूसरे मामले में भी फैसला आना बाकी है। इसलिए उसकी सुरक्षा को बढ़ाया जाना चाहिए।

## किसानों के मार्च के मद्देनजर दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ाई गई



**दिल्ली।** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च के मद्देनजर रविवार को दिल्ली की सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है और सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सिंघु बॉर्डर पर फिलहाल कम संख्या में बलों को तैनात किया गया है, लेकिन पंजाब-हरियाणा सीमा के शंभू बॉर्डर पर स्थिति के अनुसार इसे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीमा पर और दिल्ली के मध्य भाग में सुरक्षा व्यवस्थाओं के कारण यातायात प्रभावित होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस नोएडा सीमा पर भी नजर रख रही है, जहां उत्तर प्रदेश के किसानों का एक अन्य समूह धरना दे रहा है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। किसान एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं। वे 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस



**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 276 रहा जो कि खराब श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 94 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर पर हुआ साप्ताहिक कीर्तन, देर रात तक चला कार्यक्रम



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल**
**जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार को नगर के मोहल्ला यादव सराय में प्रत्येक सोमवार को आयोजित किए जा रहे संकीर्तन के क्रम में इस सोमवार को भी भजन कीर्तन का आयोजन किया गया इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुंदर-सुंदर भजन सुने एवं सुनाएं वही साप्ताहिक कीर्तन की समाप्ति पर आरती का आयोजन किया गया तथा उसके उपरांत प्रसाद का वितरण भी किया गया, इस संबंध में देवेंद्र यादव ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले इस संकीर्तन में प्रत्येक सनातन धर्म के लोगों को सम्मिलित होना चाहिए तथा भोले बाबा के भजन गाने एवं सुनने से भोले बाबा का स्मरण हो जाता है, इस मौके पर मुख्य रूप से देवेंद्र यादव वेद प्रकाश यादव विकास यादव महेंद्र यादव रमेश यादव सीमा यादव कविता यादव गीता यादव नीरू यादव आदि सहित भारी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## महिला प्रधान के साथ दबंगों ने की छेड़छाड़, दी तहरीर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर /रहरा।** सोमवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव बासका कला की वर्तमान ग्राम प्रधान ने गांव के ही तीन लोगों पर दबंगई करने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए रहरा थाने में तहरीर दी है, बताते चलें कि गांव बासका कला निवासी जुनेद आलम की पत्नी वर्तमान में ग्राम बासका कला की ग्राम प्रधान है, सोमवार को थाना रहरा में एक प्रार्थना पत्र देते हुए गांव के कुंवर सेन पुत्र गिरवर एवं दो अन्य अज्ञात लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर मिट्टी डालकर कब्जा करने से रोकने पर दबंगों द्वारा ग्राम प्रधान एवं उनके पति जुनेद आलम के साथ मारपीट करने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए एक तहरीर दी है, में तहरीर में बताया गया कि 7 दिसंबर 2024 को दबंगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा मिट्टी डालकर किया जा रहा था जिसे रोकने के लिए ग्राम प्रधान व उनके पति दोनों मौके पर गए थे तथा उन्होंने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने से मना किया था जिस पर आरोप है कि दबंग कुवर सेन व उसके दोनों साथी भड़क गए और प्रधान व उसके पति के साथ मारपीट करने लगे वही महिला प्रधान ने कुंवर सेन पर आरोप लगाते हुए बताया है कि कुंवर सेन ने महिला प्रधान को पशु शाला में खींचकर लिया और छेड़छाड़ करने लगा तथा महिला ग्राम प्रधान ने कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाया है, वही ग्राम प्रधान द्वारा आरोपियों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर किए जा रहे कब्जे की शिकायत उप जिला अधिकारी हसनपुर एवं तहसीलदार हसनपुर तथा मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है, उधर दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर दी गई है जिसमें दबंग कुमर सेन की पत्नी द्वारा ग्राम प्रधान पति जुनेद आलम पर 2 साल पहले उधार लिए गए 500000 रुपए वापस न देने एवं ग्राम समाज की भूमि का पट्टा भी नहीं करने तथा 7 दिसंबर 2024 को शाम के समय घर में कुवर सेन की पत्नी को अकेला देखकर घुसने व छेड़छाड़ करने तथा कुमर सेन को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रहरा थाने में तहरी दी है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन का हुआ आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा।** सोमवार को अमरोहा के गांधी पार्क मिनी स्टेडियम पर हजारों की संख्या में हिंदू सनातन धर्म समाज के लोग एकत्र हुए बताते चलें कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अमरोहा जिले में पूरी तरह बाजार बंद का आह्वान किया गया तथा एक विशाल धरना प्रदर्शन अमरोहा गांधी मूर्ति मिनी स्टेडियम पर आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध भारत सरकार को संज्ञान लेते हुए बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की वही बांग्लादेश के कट्टरपंथियों को चेताया कि हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद करें अन्यथा हिंदू समाज इट का जवाब पत्थर से देना जानता है इसी प्रकार वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें बताते चलें कि हजारों की संख्या में एकत्र हुए हिंदू समाज में हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के पुत्र देवेंद्र खड़क बंशी के नेतृत्व में सैकड़ो लोग शामिल हुए वहीं नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में भी सैकड़ो की संख्या में की लोग हसनपुर से धरना प्रदर्शन में शामिल हुए उधर धनोरा, गजरौला नौगांव सादात व अन्य गांव देहात से हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए और सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा, हसनपुर से वीर सिंह एडवोकेट, देवेंद्र खड्गवंशी, सुशील भगत जी, अर्पण गुप्ता, मोहित अग्रवाल राहुल हिंदुस्तानी आदि सहित भारी संख्या में हसनपुर के लोग भी शामिल रहे।

# सशक्त भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी : सीएम योगी

**गोरखपुर 9 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी है। स्वस्थ भारत के लिए हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में केंद्र और प्रदेश की सरकार हर एक स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना हो या फिर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य, यह सभी स्वस्थ भारत के जरिये सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं। सीएम योगी सोमवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 19 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से वय वंदना कार्ड प्रदान किए और उनसे आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और सुदीर्घ-स्वस्थ जीवन की कामना की। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले आजादी के बाद 70 सालों में प्रदेश में सिर्फ 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के 75 में से 65 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दे दी है। अकेले इस वर्ष 16 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए। इनमें से 13 सरकारी और 3 पीपीपी मोड पर संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त दो नए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी शुरू हुए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में





प्रतिवर्ष इंसेफेलाइटिस से बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होती थी। 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने प्रभावी नियंत्रण के साथ बीमारी को समाप्त कर दिया है। 2017 के पहले जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश में अकेला गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, वह भी खुद बीमार रहा करता था। जबकि आज डबल इंजन की सरकार में गोरखपुर में एम्स खुल चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी की सेवा शुरू हो चुकी है। पहले देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा और बहराइच में मेडिकल कॉलेज नहीं थे वहीं आज इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज बन गए हैं या बन रहे हैं।

**›› हर जिले में अत्यधिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार**

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर जिले में सरकारी अस्पतालों में आईसीयू, डायलिसिस, सीटी स्कैन, कलर डॉपलर, एमआरआई, ब्लड बैंक, ब्लड कंपोनेंट यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कर रही है और इसका लाभ बड़े पैमानों पर नागरिक ले रहे हैं। इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण पाने के साथ ही सरकार ने कोरोना के संकट काल में प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को बचाने के लिए सफल प्रयास किया। इंसेफेलाइटिस से मुक्ति दिलाने के बाद कोरोना को भी समाप्त किया गया। यह सुदृढ़ हुई स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते ही संभव हुआ।

## भारतीय किसान यूनियन असली ने विभिन्न मांगों को लेकर उप जिला अधिकारी धनोरा को ज्ञापन सौंपा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**मंडी धनौरा।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली जनपद अमरोहा के मंडी धनोरा में सड़क पर उतरी। विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार तथा राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी धनोरा को सोपा गया। मंडी धनोरा में तहसील के सामने स्टेट हाईवे जाम कर ज्ञापन पत्र में कहा गन्ने का रेट 500 रुपए प्रति कुंतल घोषित हो । दूसरी तरफ जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन मंडी धनौरा रेलवे स्टेशन मास्टर को सौंपा। केंद्र सरकार से मांग की किसानों को एम, एस, पी पर किसानों की फसल की खरीद का गारंटी कानून लागू हो । हरियाणा व पंजाब में खनोरी वी शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में अपनी मांगों को मनमाने के लिए शांतिपूर्वक पैदल यात्रा के रूप में दिल्ली जाने की अनुमति दी जाए । आने वाली 12 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में सभी जनपद मुख्यालय पर किसने की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन पत्र सोपा जाएगा । आंदोलन में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह, जिला प्रवक्ता नरेश कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सबन खान, तहसील अध्यक्ष कलुआ खान, जिला अध्यक्ष बचन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रधान, आदि सहित भारी संख्या में किसान शामिल रहे।

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पहुंची लखनऊ कलेक्ट्रेट ऑफिस??

**लखनऊ।** जिला अधिकारी कार्यालय में तमाम विभागों के विकास कार्यों की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समीक्षा की..... इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल,DM , लखनऊ से सांसद के प्रतिनिधि सहित तमाम विभागों के अधिकारी रहे मौजूद... राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तमाम विकास कार्यों को लेकर विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की.... 3 घंटे तक राज्यपाल ने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से किया मंथन.... तमाम विकास कार्यों को लेकर विभाग के संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।



## किसान किसी के सामने हाथ न फैलाएं, यह केंद्र व राज्य सरकार का उद्देश्य: सीएम योगी






**लखनऊ, 9 दिसंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद किसानों के नाम पर राजनीति बहुत लोगों ने की, लेकिन किसान राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सके, 2014 में ईमानदारी से यह प्रयास पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने मृदा परीक्षण कार्ड जारी किया। पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई जैसी योजनाएं चलाई गईं। यूपी में सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा देकर किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाया गया। 2021 में पीएम ने बुंदेलखंड में अर्जुन सहायक परियोजना का लोकार्पण किया। इसके पहले यहां के किसानों को प्रति बीघा पांच हजार रुपये सालाना मिलता था, लेकिन लोकार्पण के दो वर्ष बाद वहां के किसानों ने बताया कि उन लोगों ने उन्हीं क्षेत्रों में प्रति बीघा 50 हजार रुपये की आमदनी की। पीएम कुसुम योजना के तहत एक लाख किसान को सोलर पैनल देने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। 14 लाख से अधिक किसानों के निजी ट्यूबवेल की बिजली माफ की गई। यूपी में 2017 में सरकार आते ही 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम मिला। अन्नदाता किसानों को हाथ न फैलाना पड़े। इस उद्देश्य से देश में 12 करोड़ और यूपी में 2.62 करोड़ कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक समाचार पत्र समूह की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'कृषिका- खेती से समृद्धि की ओर' कार्यक्रम में सोमवार को अपनी बातें रखीं। सीएम ने समाचार पत्र के रचनात्मक कार्यक्रमों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने 11 किसानों को चेक, अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया।

**... अकेले यूपी भर सकता है देश-दुनिया का पेट**

सीएम योगी ने कहा कि भारत पहले से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का देश माना जाता था। उत्तर प्रदेश में आज भी लगभग 30 फीसदी शहरीकरणों को छोड़ दें तो 70 फीसदी भूभाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित है और यह आय-रोजगार का महत्वपूर्ण साधन भी है। देश की 17 फीसदी आबादी यूपी में निवास करती है। यूपी के पास देश की कृषि योग्य भूमि केवल 11 फीसदी है, लेकिन इस पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन होता है। यूपी में 235 लाख हेक्टेयर में से 161 लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती-किसानी होती है। इसमें से 86 फीसदी भूमि सिंचित व अत्यंत उर्वरा है, इसलिए 11 फीसदी भूमि होने के बावजूद उप्र का किसान लगभग दोगुना खाद्यान्न उत्पादन करता है। देश और दुनिया की जितनी फर्टिलाइज लैंड, जल संसाधन यूपी के पास है, वह अन्य कहीं भी नहीं है। अगर अन्नदाता किसानों के प्रोत्साहन के लिए थोड़ा सा कार्य कर लें, उन्हें तकनीक से जोड़ लें। समय पर अच्छे बीज उपलब्ध हो जाएं तो 20 फीसदी से तीन गुना अधिक खाद्यान्न उत्पादन का सामर्थ्य यूपी का किसान रखता है और अकेले यूपी देश-दुनिया का पेट भर सकता है।

# महाकुम्भ में पहली बार फायर फाइटिंग बोट्स बनेंगी संगम की प्रहरी






**महाकुम्भ नगर, 9 दिसंबर।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन व आपात सेवा विभाग भी मेला क्षेत्र को अग्नि दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाने के प्रयासों में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में देश में और कुम्भ के इतिहास में पहली बार महाकुम्भ-2025 में 6 फायरबोट्स के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन फायर बोट्स को मेला क्षेत्र के घाटों किनारे मुस्तैद रखा जाएगा। यह फायर फाइटिंग बोट्स न केवल नदियों किनारे घाटों पर होने वाली अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्विक रिस्पॉन्स प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य करेंगे।

**दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक होगी डिप्लॉय**

महाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुम्भ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इन 6 फायर फाइटिंग बोट्स के लिए विभाग 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इनको संगम समेत अन्य तटों पर डिप्लॉय कर दिया जाएगा।

**फायर फाइटिंग रोबोट भी होता है बोट पर तैनात**

उन्होंने बताया कि फायर फाइटिंग बोट्स को अपने क्विक रिस्पॉन्स, नदियों में तेजी से नेविगेशन की क्षमता व अग्निशमन की प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के लिए जाना जाता है। खासतौर पर नदियों किनारे घाटों पर अग्निशमन व रेस्क्यू ऑपरेशंस को तेजी से पूरा करने में फायरबोट काफी कारगर है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसमें फायर फाइटिंग रोबोट्स को भी तैनात किया जाता है जो बोट की वॉटर कैनन रेंज से दूर घटनास्थल पर रिमोट कंट्रोल्ड एक्सेस के जरिए पहुंच कर फायर फाइटिंग ऑपरेशंस को अंजाम देने में सक्षम है। खासतौर पर ऐसे क्षेत्र जहां अत्याधिक तापमान हो या फिर जहां एक्सप्लोसिव मटीरियल्स में आग लगी हो, ऐसी स्थिति में वह न केवल रेस्क्यू ऑपरेशंस को अंजाम देकर जान-माल की रक्षा करने में सक्षम हैं बल्कि अग्निरक्षकों के जीवनरक्षण और उनकी सुरक्षा में कवच का कार्य भी करते हैं।

**महाकुम्भ में अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बड़े स्तर पर जारी प्रयास**

डिप्टी डायरेक्टर अमन शर्मा ने बताया कि सीएम योगी के विजन अनुसार, इस बार महाकुम्भ में अलग-अलग प्रकार के 351 से अधिक अग्निशमन वाहन, 2000 से अधिक ट्रेन्ड मैनपावर, 50 से अधिक अग्निशमन केंद्र व 20 फायर पोस्ट बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक अखाड़ों के टेंट्स को फायर फाइटिंग इक्विप्मेंट्स से भी लैस किया जा रहा है। वहीं, नागपुर में गृह मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय अग्निशमन महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के 30 विद्यार्थियों की मेला क्षेत्र में बतौर फायर वॉलेंटियर्स भी तैनाती की जाएगी। इसमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश के ही हैं और यह सभी विद्यार्थी एडवांस्ड फायर फाइटिंग स्किल्स, अवेयरनेस ड्राइव्स को कंडक्ट कराने में मुख्य भूमिका निभाएंगे।

## उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पहल लाई रंग, नोएडा एयरपोर्ट पर पहली बार उतरा विमान

**गौतम बुद्ध नगर, 09 दिसंबर 2024** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पहल सोमवार को रंग ले आई, जब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर पहली बार विमान उतरा। कई दशकों से देखा गया यह सपना माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में 9 दिसंबर 2024 को आखिरकार पूरा हो गया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NIA) ने आज अपनी परीक्षण उड़ान (वैलिडेशन फ्लाइट) में सफलता हासिल कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। एयरोड्रम लाइसेंसिंग प्रक्रिया का यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर हवाई जहाज






उतारने का कार्य नियाल व यापाल द्वारा रिकॉर्ड 03 साल 02 महीने व 11 दिन की अवधि में संभव कर दिखाया, जिसकी आधारशिला भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 25 नवंबर 2021 को रखी थी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सरकार के सिविल एविएशन मिनिस्टर के राम मोहन नायडू, माननीय सांसद गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर महेश शर्मा, माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, अपर मुख्य सचिव (मा0 मुख्यमंत्री)/सिविल एविएशन यू पी एस.पी. गोयल, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, सचिव माननीय ( मा0मुख्यमंत्री) अमित सिंह, सी ई ओ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट/यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण डॉ अरुणवीर सिंह, जिलाधकारी मनीष कुमार वर्मा, निदेशक नागरिक उड्डयन यू पी कुमार हर्ष, सी ई ओ यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्रिस्टोफ शेलमैन, किरण जैन सी ओ ओ, आशुतोष चतुर्वेदी हेड एडमिनिस्ट्रेटिव, नंदकिशोर सुन्द्रियाल, सुरभि राणा सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थित में यह उपलब्धि हासिल की गई।

## अहमदाबाद और कोलकाता में आयोजित महाकुंभ-2025 रोडशो में शामिल हुए योगी के मंत्री

**अहमदाबाद/कोलकाता, 09 दिसंबर।** प्रयागराज महाकुंभ-2025 को दिव्य, भव्य और डिजिटल रूप में आयोजित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने अहमदाबाद और कोलकाता में भव्य रोड शो आयोजित किए। इन आयोजनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मंत्रियों ने गुजरात और पश्चिम बंगाल की जनता को महाकुंभ-2025 में भाग लेने का निमंत्रण दिया। अहमदाबाद में आयोजित रोड शो का नेतृत्व ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री अरविन्द शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने किया। वहीं, कोलकाता में आयोजित रोड शो में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय गंगवार ने सहभागिता की।

**भारत की एकता का जीवंत प्रतीक है महाकुंभ- एके शर्मा**

अहमदाबाद में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री अरविन्द शर्मा ने कहा, महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दिव्य और समेकित जय-घोष है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों के आने की संभावना है। इसे ऐतिहासिक और विश्वस्तरीय अनुभव बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार व्यापक तैयारियां कर रही है। कोलकाता में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि महाकुंभ भारतीय समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का उत्सव है। यह आयोजन विभेद और विवादों को पीछे छोड़ते हुए भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का अनुभव करने का मंच है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता को महाकुंभ में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए इस अद्वितीय आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की।

**इस बार दिव्य, भव्य और डिजिटल महाकुंभ है तैयारी- ऊर्जा मंत्री**

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस बार महाकुंभ को पूरी तरह से स्वच्छ, सुरक्षित, और हरित बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेले को सिंगल-यूज




प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रयागराज में 3 लाख पौधे लगाए गए हैं, जिनका संरक्षण मेला समाप्त होने के बाद भी सुनिश्चित किया जाएगा। महाकुंभ को डिजिटल बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। महाकुंभ की वेबसाइट और ऐप, 11 भाषाओं में एआई चैटबॉट, क्यूआर-कोड आधारित पास, बहुभाषीय डिजिटल खोया-पाया केंद्र और स्वच्छता व टेंटों की निगरानी के लिए आईसीटी प्रणाली लागू की जाएगी। इसके साथ ही गूगल मैप पर सभी स्थलों का एकीकरण किया गया है, जिससे तीर्थयात्रियों को नेविगेशन में सुविधा मिलेगी।

हरियाणा

# हरियाणवी पैवेलियन बना हरियाणवी व्यंजन का मुख्य केन्द्र

## पर्यटक चख रहे देसी घी का चूरमा, गुड़ का हलवा, खीर, जलेबी का स्वाद

कुरुक्षेत्र, दिसंबर : हरियाणा प्रदेश खान-पान के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यह वही प्रदेश है जिसके विषय में कहा जाता है देशों में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाणा। हरियाणा की खान-पान की व्यवस्था लोक पारंपरिक तरीके से ऋतु के अनुसार होती है। हरियाणा के लोग जहां गर्मियों में ठंडा खाना खाते हैं वहीं पर सर्दियों में गर्म खाना खाते हैं। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए हरियाणा पैवेलियन में आने वाले पर्यटक हरियाणवी रसोई के माध्यम से देसी घी का चूरमा, गुड़ का हलवा, खीर, जलेबी, मीठी लस्सी, नमकीन लस्सी, देसी घी की टिक्की, दही बल्ले, देसी घी के ड्राई फ्रुट लड्डू, देसी घी के गुलाब जामून, तिल्ला कुल्फी, राजमा चावल, गोल गप्पे आदि का स्वाद चख रहे हैं। पर्यटकों को हरियाणवी खान-पान एवं स्वादिष्ट व्यंजन खूब भा रहे हैं। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में लगे हरियाणा पैवेलियन में शुक्रवार को हरियाणवी लोकगीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर लोक गायक डॉ. हरविन्द्र राणा द्वारा दी गई बम लहरी की सांस्कृतिक प्रस्तुति पर दर्शक झूमने लगे। इसके साथ उन्होंने गीता




जयंती के मेले में धूम मची हरियाणे की गीत से समां बांध दिया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में कंट्री पार्टनर तंजानिया के लोक कलाकारों ने अपने देश के समृद्ध विरासत को समर्पित लोकनृत्य पर दमदार सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

**हरियाणा पैवेलियन में शिल्पकारों को मिल रही विशेष पहचान**

हरियाणा पैवेलियन में शिल्पकारों को विशेष पहचान मिल रही है। शिल्पकार मनजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में आने वाले पर्यटकों उनके द्वारा बनाए गए मिट्टी की घरेलू एवं विशेष त्योहार पर उपयोग में आने वाली वस्तुओं की सराहना कर रहे हैं। गौरतलब है कि सोनीपत के रहने वाले शिल्पकार मनजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में उर्दू विषय (अंशकालिक) में बतौर सहायक प्रोफेसर कार्यरत है। उन्होंने बताया जीवन में कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि यदि आपके पास कौशल है तो आप कौशल को व्यवसाय के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज भी मिट्टी के बर्तन तैयार करते थे तथा इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए वे भी शिक्षण के साथ-साथ समय निकालकर मिट्टी के बर्तन भी बनाते है तथा इस कौशल को सीखने के लिए लोगों को प्रशिक्षण भी देते हैं।





महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की



चंडीगढ़, दिसंबर : हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के उन पुरुषों और महिलाओं के अदम्य साहस और बलिदान को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने हमारे प्यारे राष्ट्र की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। दत्तात्रेय ने हमारे वीर सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए कहा कि सैनिकों ने हमेशा ही देश के लिए अद्वितीय बहादुरी और समर्पण का प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने उन शहीदों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया, जिन्होंने यह सुनिश्चित करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया कि हमारा तिरंगा हमेशा ऊंचा रहे। राज्यपाल ने हरियाणा और देश के लोगों से युद्ध में विकलांग सैनिकों, वीर नारियों और हमारे शहीदों के परिवारों के कल्याण में सहयोग करने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा आइए हम सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देकर उन लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें जिन्होंने हमारी मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया है। दत्तात्रेय ने कहा कि आपका योगदान उन लोगों के जीवन में एक ठोस बदलाव लाएगा, जिन्होंने देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए सबसे बड़ा बोझ उठाया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह दिन न केवल हमारी कृतज्ञता की याद दिलाता है, बल्कि सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता में खड़े होने की प्रतिज्ञा भी है, जो बलिदान और देशभक्ति की भावना का प्रतीक हैं। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने प्रत्येक नागरिक से सम्मान के प्रतीक के रूप में गर्व के साथ सशस्त्र सेना ध्वज पहनने और इस उद्देश्य के लिए सार्थक योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आइए हम अपने बहादुरों का सम्मान केवल शब्दों में ही नहीं, बल्कि अपने कार्यों के माध्यम से भी करें। हम सब मिलकर सुनिश्चित करें कि उनके बलिदान को कभी भुलाया न जाए।

## उपराष्ट्रपति आज कुरुक्षेत्र में आएंगे

कुरुक्षेत्र, दिसंबर : जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 8 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में वीवीआईपी के आगमन पर सुरक्षा की दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन/ग्लाईडर इत्यादि हवाई यंत्रों पर प्रतिबंध किया जाना जरुरी है। जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सुरक्षा की दृष्टि से कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए 8 दिसंबर को वीआईपी मार्ग, एनआईटी कुरुक्षेत्र, श्री भद्रकाली शक्तिपीठ व उसके आसपास 100 मीटर के दायरा तक सडक के दोनों तरफ कोई भी वाहन खड़ा ना हो, वीआईपी मार्ग के 100 मीटर की परिधी के क्षेत्र में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, आग्नेय शस्त्र व अन्य किसी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने, खुला पेट्रोल, डीजल की बोतल, कैन पर पूर्णत प्रतिबंध, हैलीपेड स्थल, वीआईपी मार्ग के कार्यक्रम स्थल तथा आसपास ड्रोन/ग्लाईडर उड़ाने, कार्यक्रम स्थल के 500 मीटर के दायरे और मार्गो के दोनों तरफ किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## ब्राह्मण समाज ने हमेशा दशा और दिशा देने का काम किया : कार्तिकेय शर्मा



चंडीगढ़, दिसंबर : नूतन ब्राह्मण सभा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चरखी दादरी के रामलीला ग्राउंड में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के लिए चरखी दादरी पहुंचे सांसद कार्तिकेय शर्मा का पहले चरखी दादरी में एक बड़े रोड शो के माध्यम से स्वागत किया गया, जिसमें चरखी दादरी में जगह-जगह पुष्प वर्षा और ढोल नगाड़ों के साथ सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत किया गय। वहीं रोड शो के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भगवान परशुराम सभागार का शिलान्यास किया वही इस दौरान बाढ़डा के विधायक उमेद पातुवास एवं भाजपा नेता संदीप जोशी भी मौजूद रहे। सांसद कार्तिकेय शर्मा के सम्मान में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में भारी जन सैलाब उमड़ा जिन्होंने ब्राह्मण समाज एवं विभिन्न समाजों की मांगों को सरकार के सामने उठाने एवं उन मांगों को पूरा करवाने पर सांसद कार्तिकेय शर्मा का पगड़ी पहनाकर एवं फूल मालाओं से धन्यवाद किया। इस दौरान सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम एक समाज के आराध्य नहीं है बल्कि वह सभी के भगवान है हमें अपने जीवन में भगवान परशुराम की शिक्षा, उनकी सोच, उनकी नीति का अनुसरण करना चाहिए और भगवान परशुराम की शिक्षा और संदेश को बढ़ाने का काम करना चाहिए। वहीं सांसद कार्तिकेय शर्मा ने विधानसभा चुनाव में अच्छे उम्मीदवारों को जितने एवं लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में अधिक मतदान करने पर लोगों का धन्यवाद किया।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने विधायक उमेद पातुवास और सुनील सांगवान की सराहना करते हुए कहा कि इन विधानसभा चुनाव में ऐसे उम्मीदवार जीत करके आए हैं जो लोग दृढ़ निश्चय, अच्छी नियत और सच्चे मन से लोगों के लिए सेवा भावना से काम करने आए हैं, आज केंद्र और प्रदेश में जो सरकार है वह सब का साथ सब का विकास के तहत सभी को साथ लेकर चलने का काम करती है, सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज का काम सदैव सभी समाजों को साथ लेकर चलने का रहा है चाहे 1947 की आजादी की लड़ाई की बात करें यह 1857 की क्रांति की बात ब्राह्मण समाज ने उसमें बड़ा योगदान दिया था प्राचीन काल से ही चाहे वेद पुराण की बात करे, संस्कृति की बात करें, शिक्षा की बात करें या विज्ञान की बात करें ब्राह्मण समाज ने हमेशा दशा और दिशा देने का काम किया है और आज इसकी ज्यादा जरूरत है आज हमारा दायित्व बनता है कि आने वाले समय में इस ज्ञान को बढ़ाने का काम करें अगली पीढ़ी तक हमारे संस्कार और संस्कृति पहुंचाने का काम करें।

## महोत्सव में ब्रह्मसरोवर का हर घाट, आरती स्थल, पुरुषोत्तमा बाग सहित पूरा परिसर बना पर्यटकों के लिए सैल्फी प्वाइंट

- महोत्सव में पहुंचे कलाकारों के साथ फोटो खिंचवाने के लिए क्रेजी हुए बच्चे और युवा

चंडीगढ़, दिसंबर : सोशल साइटस और इंटरनैट प्रौद्योगिकी के युग में सैल्फी के लिए हमेशा क्रेजी रहने वाले बच्चों और युवाओं सहित हर उम्र के लोगों लिए अच्छी खबर है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर सैल्फी पॉइंट बने हुए है और महोत्सव में आने वाले पर्यटक सैल्फी लेने के अपने शौक को पूरा कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में ब्रह्मसरोवर परिसर में पुरुषोत्तमपुरा बाग स्थित भगवान श्री कृष्ण अर्जुन रथ सबसे बड़ा सैल्फी पॉइंट है, जहां हर समय दर्जनों पर्यटक सैल्फी ले रहे होते है। भगवान श्री कृष्ण के इस रथ के साथ चार घोड़े जुड़े है और श्री कृष्ण रथ पर मौजूद अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाए गए हैं। इस पूरे स्थल को महाभारत ग्रंथ के दृश्यों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसी पौराणिक दृश्य और पवित्र ग्रंथ गीता से जुड़े होने के कारण पर्यटक सबसे ज्यादा सैल्फी इसी जगह लेते है और अपनी सैल्फी को सोशल साइटस पर अपलोड कर पोस्ट करते है। सुंदर दृश्य देखकर फॉलोवर भी लाइक व कमैंट्स किये बिना नहीं रह पाते। यही नहीं ब्रह्मसरोवर चारों ओर बने विभिन्न घाट भी सैल्फी पॉइंट है, जहां से दिन में पर्यटक पक्षियों की उड़ानों के साथ व संध्या काल मे जगमग रोशनी में नहाए ब्रह्मसरोवर पर सैल्फी ले रहे है। सैल्फी लेने के शौकीनों का ध्यान रखने में बहरुपिए भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। बहरुपिए विभिन्न पात्रों के वेश में ब्रह्मसरोवर पर अपनी लोगों का मनोरंजन कर रहे है और पर्यटकों के सैल्फी के क्रेज को पूरा कर रहे है।

## गीता जयंती महोत्सव में पर्यटकों की पहली पसंद बन रहे खादी वस्त्र

- युवा खादी ग्रामोद्योग से जुडकर स्थापित कर सकते हैं स्वरोजगार, खादी के उत्पादों की पर्यटक जमकर कर रहे है खरीददारी

चंडीगढ़, दिसंबर : अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के दूसरे राज्यों से गीता जयंती महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकार अपनी हस्तकला का प्रदर्शन कर रहे है, वहीं ब्रह्मसरोवर के उत्तर दिशा के पावन घाट पर खादी ग्रामोद्योग बने वस्त्रों की झलक देखने को मिल रही है। इन स्टॉलों पर खादी से बने वस्त्रों की पर्यटक जमकर खरीदारी कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगे खादी स्टॉल्स पर उपस्थित सतपाल सैनी ने बताया कि यह स्टॉल्स खादी ग्रामोदय संघ मिजार्पुर की ओर से लगाए गए हैं। इन स्टॉल पर रखे वस्त्र खादी कपड़े से ही बनाए जाते हैं और इन वस्त्रों को स्वयं तैयार किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि स्टॉल्स पर खादी से बने वस्त्र पर्यटकों को खूब पसंद आ रहे हैं और इनकी जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार खादी उद्योग को बढ़ावा देने एवं युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के भरसक प्रयास कर रही है। युवा खादी से जुडकर स्वरोजगार अपना सकते हैं, युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाकर स्वरोजगार चलाने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। सरकार का उद्देश्य खादी ग्राम उद्योग से महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करना है।

## हरियाणा के आरोही मॉडल स्कूलों के कर्मचारियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन

### कर्मचारियों ने सरकार से की वेतन और नियमितीकरण की मांग

चंडीगढ़, दिसंबर : हरियाणा के आरोही मॉडल स्कूलों के शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारी वर्तमान में गंभीर आर्थिक और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। तीन महीनों से लंबित वेतन और वर्षों से अधूरी नियमितीकरण प्रक्रिया के कारण कर्मचारियों के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से इस विषय में सहयोग और हस्तक्षेप की अपील की है ताकि उनके परिवार और शिक्षा व्यवस्था दोनों का संतुलन बनाए रखा जा सके।

आरोही मॉडल स्कूलों की स्थापना 2011 में हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। इन स्कूलों के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक अवसर प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार की यह पहल सराहनीय है और शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श मानी जाती है। आरोही मॉडल स्कूलों में कार्यरत 285 कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त नियमितीकरण की प्रक्रिया भी कई वर्षों से अधूरी है। वेतन न मिलने से कई कर्मचारी दूरदराज के इलाकों में रहते हैं और अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने में मुश्किल का सामना कर रहे हैं।

### नियमितीकरण में हो रही देरी

2012 में नियुक्त कर्मचारियों को वादा किया गया था कि पांच वर्षों की संतोषजनक सेवा के बाद उन्हें नियमित किया जाएगा, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हो सका है। कर्मचारियों की मांग है कि लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए। नियमितीकरण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। भविष्य में समय पर वेतन सुनिश्चित करने के लिए एक स्थायी प्रणाली लागू की जाए। कर्मचारियों को हरियाणा सरकार की संवेदनशीलता और कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पर पूरा विश्वास है। आरोही मॉडल स्कूल स्टॉफ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हम हरियाणा सरकार की शिक्षा क्षेत्र में की गई पहलों की सराहना करते हैं। हमें विश्वास है कि सरकार हमारी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनेगी और हमारे लिए उचित समाधान करेगी। आरोही मॉडल स्कूलों के कर्मचारी हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग से विनम्र अपील करते हैं कि वे उनकी समस्याओं को प्राथमिकता दें और जल्द से जल्द समाधान करें। तीन महीनों से लंबित वेतन का भुगतान जल्द किया जाए।

## खेल समझाते हैं मानव शक्ति और बुद्धि का अर्थ, तभी तो प्रतिभागी बड़े लक्ष्य को पाने में हो जाते हैं समर्थ : कृषि मंत्री

यमुनानगर, दिसंबर : सरस्वती शिक्षण संस्थान में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा, यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा,पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पदम श्री व अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष कुश्ती के खिलाडी योगेश्वर दत्त, स्वर्ण पदक विजेता पैरालम्पिक भाला खिलाड़ी सुमित अंतील, रजत पदक और अर्जुन अवार्ड व भीम अवार्ड विजेता निशानेबाज खिलाड़ी अंकुर मित्तल, कांस्य पदक विजेता, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी सुश्री रितु रानी, विद्यालय के पूर्व छात्र आशीष कुमार पठानिया जिनका चयन हरियाणा सिविल सेवा के लिए हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल में बनाए गए शूटिंग अकादमी का उदघाटन किया। मुख्यातिथि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि खेलने से शरीर मजबूत होता है, हड्डियां मजबूत होती हैं, मांसपेशियां विकसित होती हैं। खेलने से शरीर में रक्त का प्रवाह सही रहता है, जिससे रक्त से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि खेलने से अनुशासन और समय प्रबंधन की आदत पड़ती है, खेलने से शैक्षणिक प्रतिबद्धताओं को प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के साथ संतुलित करना सीखने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि खेल समझते हैं मानव शक्ति और बुद्धि का अर्थ, तभी तो प्रतिभागी बड़े लक्ष्य को पाने में हो जाते हैं समर्थ। सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट्स मुख्यातिथि के साथ अनुरक्षण के रूप में उपस्थित हुए व स्काउट एंड गाइड द्वारा शूटिंग रेंज के मार्ग का मार्गदर्शन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया और सभी अतिथियों का स्वागत गीत गाकर किया गया एवं अतिथियों का परिचय दिया गया। कैप्स व बैच द्वारा उनका सम्मान किया गया। इसके बाद झंडा फहराने की रस्म की गई, सरस्वती विद्या मंदिर और सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इसके बाद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हवा में गुब्बारे छोड़कर किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई राष्ट्रीय स्तर पर विजयी छात्राओं द्वारा मशाल जलवाई गई। विभिन्न दौड़ प्रतियोगिता जैसे रिले दौड़, 100 मीटर दौड़, स्किपिंग दौड़ आदि का आयोजन किया गया। सभी राष्ट्रीय प्रतिभागी खिलडियो और विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। आए हुए अतिथिगणो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, भाजपा जगाधरी मण्डल के अध्यक्ष विपुल गर्ग, डिप्टी डी. ई.ओ. शिव कुमार धीमान, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी केएस संधावा और प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मुकेश गर्ग व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।



वार्षिक खेल प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र।

## संविधान के सम्मान में डॉ. अंबेडकर फार्मेसी कॉलेज में होगा प्रथम वर्ष नि:शुल्क दाखिला

कुरुक्षेत्र, दिसंबर : संविधान के सम्मान में 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आयोजित संविधान स्वाभिमान वर्ष मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान में अपनी भागीदारी करते हुए नजदीकी गांव मथाना में स्थित डॉ आंबेडकर फामेर्सी कॉलेज अपनी प्रथम वर्ष की 50 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क दाखिला करेगा। गत सप्ताह से इसकी जानकारी मिलने से डी फामेर्सी करने वाले छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह है यह जानकारी देते हुए डॉ. अंबेडकर फामेर्सी कॉलेज के चेयरमैन एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने बताया कि प्रबंधन कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया गया है जिसमें 12 वीं कक्षा साइंस श्रेणी से पास डी. फार्मा की सीटों पर होगा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों तथा अन्य गरीब वर्गों छात्र एवं छात्राओं को निशुल्क प्रथम वर्ष का दाखिला 50 प्रतिशत सीटो पर पहले आओ - पहले पाओ की स्थिति में दिया जाएगा। संस्थान में आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2024 तय की गई है। उल्लेखनीय है की हरियाणा सरकार के नियम अनुसार फामेर्सी काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त संस्थानों में फामेर्सी के डी. फार्मा का कोर्स 2 वर्ष तथा बी. फार्मा का कोर्स 3 वर्ष का होता है।

## अम्बाला सदर (कैंट) नगर परिषद की ताजा वार्डबंदी की फाइनल नोटिफिकेशन प्रकाशित

- सितम्बर, 2019 में न.प. के पुनर्गठन के बाद हुई तीसरी वार्डबंदी : हेमंत

चंडीगढ़, दिसंबर : गत 5 दिसम्बर 2024 को हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव, विकास गुप्ता, आई.ए.एस. के हस्ताक्षर से जारी एक गजट नोटिफिकेशन मार्फत प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन और श्रम विभागों के कैबिनेट मंत्री मंत्री अनिल विज के गृहक्षेत्र की नगर निकाय अर्थात अम्बाला सदर (कैंट) नगर परिषद के सभी 32 वार्डों के परिसीमन, जिसे आम भाषा में वार्डबंदी कहा जाता है, की फाइनल अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। इसी बीच शहर निवासी हाई कोर्ट के एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून के जानकार हेमंत कुमार (9416887788) ने बताया कि गत वर्ष 28 नवम्बर 2023 को अम्बाला सदर नगर परिषद के सभी 32 निर्धारित वार्डों की प्राथमिक नोटिफिकेशन प्रकाशित की गई थी जिसे फाइनल होने में एक वर्ष से ऊपर का समय लग गया है। उससे पूर्व सर्वप्रथम 31 दिसम्बर 2020 को और फिर 3 मार्च 2023 को अम्बाला सदर न.प. की तब निर्धारित 31-31 वार्डों की वार्डबंदी की फाइनल नोटिफिकेशन भी प्रकाशित हुई थी जो हालांकि किसी न किसी कारण से सिरे नहीं चढ़ पाई थी. इस प्रकार 11 सितम्बर, 2019 को तत्कालीन संयुक्त अम्बाला नगर निगम से बाहर निकालकर अम्बाला सदर न.प. के पुनर्गठन के बाद अब इसकी तीसरी बार वार्डबंदी फाइनल हुई है जो इस बार हालांकि 32 वार्डों की है। बहरहाल, ताजा प्रकाशित फाइनल नोटिफिकेशन हरियाणा नगरपालिका वार्ड परिसीमन नियमावली, 1977 के नियम 10 में प्रकाशित की गई है जिसके बाद अब आगामी कुछ दिनों या सप्ताह में निर्धारित प्रक्रिया द्वारा अम्बाला सदर नगर परिषद के कुल 32 वार्डों में से कौन कौन से वार्ड महिलाओं, अनुसूचित जाति (एस.सी.) वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग (ब्लाक ए और ब्लाक बी) के व्यक्तियों के लिए आरक्षित होंगे और कौन से अनारक्षित होंगे, उनका निर्धारण किया जाएगा। हेमंत ने आगे बताया कि अंबाला सदर नगर परिषद की ताजा फाइनल वार्डबंदी के बाद हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा इसके आगामी आम चुनाव करवाने की प्रक्रिया का प्रारंभ अंबाला सदर नगर परिषद के सभी 32 वार्डों की मतदाता सूचियों के संशोधन से होगा जो आयोग के निर्देशन में 1 अक्टूबर 2024 या संभवतः 1 जनवरी 2025 की योग्यता तिथि के आधार पर संशोधित की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) द्वारा प्रदेश के सभी 22 जिलों में कुल रजिस्टर्ड मतदाताओं की प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार अम्बाला कैंट विधानसभा सीट में 12 सितम्बर 2024 को मतदाताओ की कुल संख्या 2 लाख 7 हजार 146 थी जिस आधार पर 2 माह पूर्व 5 अक्तूबर को अम्बाला कैंट वि.स. सीट पर आम चुनाव भी कराया गया था। हेमंत ने बताया कि हरियाणा म्युनिसिपल एक्ट, 1973, जो प्रदेश की सभी नगर पालिकाओं और नगर परिषदों पर लागू होता है, में वर्ष 2019 में किये गए कानूनी संशोधन द्वारा नगर परिषद/पालिका के अध्यक्ष/प्रधान पद का चुनाव स्थानीय मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष तौर पर करने का प्रावधान है. इसका अर्थ यह है कि अम्बाला कैंट नगर परिषद के अंतर्गत पंजीकृत हर मतदाता को दो वोट डालने होंगे। एक अपने सम्बंधित वार्ड प्रतिनिधि अर्थात न.प.सदस्य (जिसे आम भाषा में पार्षद कहते है हालांकि यह शब्द नगरपालिका कानून में नहीं है) के लिए और दूसरा न.प. के अध्यक्ष को चुनने के लिए. ऐसी संभावना है कि इस बार अम्बाला सदर नगर परिषद के अध्यक्ष का पद अनारक्षित होगा क्योंकि पुनर्गठन के बाद यह इस नगर निकाय का पहला आम चुनाव है।

## संक्षिप्त समाचार

### पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज बांदा की एनसीसी यूनिट द्वारा मनाया गया सशस्त्र सेवा झंडा दिवस



**बांदा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज बांदा की एनसीसी इकाई द्वारा 60 यूपी एनसीसी बटालियन के समादेशाधिकारी कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देशानुसार 7 दिसंबर 2024 को सशस्त्र सेवा झंडा दिवस के अवसर पर सब यूनिट के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज बांदा के प्राचार्य के एस कुशवाहा को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया तत्पश्चात पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज बांदा की एनसीसी यूनिट द्वारा सशस्त्र सेवा झंडा दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉक्टर प्रत्युष मिश्रा द्वारा सशस्त्र सेवा झंडा दिवस के महत्व के विषय में प्रकाश डाला गया तथा यह बताया गया कि आखिरकार 7 दिसंबर को सशस्त्र सेवा झंडा दिवस क्यों मनाया जाता है इस अवसर पर एनसीसी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के कैडेटों ने प्रतिभाग किया।

### बाबा साहब अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनायी



**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है वह लगातार महापुरूषों की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाने का काम करता रहता है इसी उपलक्ष में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बांदा जिले द्वारा तिंदवारी नगर ईकाई में 6 दिसम्बर को बाबा साहब अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर जिसे विद्यार्थी परिषद समरसता दिवस के रूप में हर वर्ष मनाने का काम करता है उसी क्रम में तिन्दवारी नगर के रामप्रताप दीक्षित डिग्री कॉलेज तथा तिन्दवारी नगर के ग्राम गोधनी में बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा में मल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बांदा तहसील संयोजक सुभाष त्रिपाठी जी उपस्थित रहे और प्रमुख रूप से बांदा जिले के जिला संयोजक गोविंद तिवारी , तिन्दवारी नगर मंत्री अथर्व गुप्ता , पूर्व तहसील सह संयोजक शिवम द्विवेदी जी उपस्थित रहे ।

### घर में घुसकर हमला करने वाले को मिली सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय ने घर में घुसकर हमला करने के आरोपी अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व छह सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने आरोपी हीरालाल पुत्र रामचरन निवासी चितरागोकुलपुर को न्यायालय उठने तक की सजा व छह सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उधर अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने आरोपी मामा उर्फ राजबहादुर पुत्र महिपाल निवासी हटवा थाना मऊ को तीन वर्ष का साधारण कारावास व पांच रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### राज्य कार्यकारिणी सदस्य बने शिवकुमार यादव

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर शिवकुमार यादव निवासी मुलायम नगर को जिले का समाजवादी पिछडा वर्ग को राज्य कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इस मनोनयन पर समाजवादियो ने उन्हे बधाई दी है।

### झण्डा दिवस पर अधिकारियों ने किया दान

**चित्रकूट।** सशस्त्र सेना झंण्डा दिवस का शुभारम्भ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह (अ0प्रा0) ने आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को प्रतीक झण्डा लगाकर किया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने दान पात्र में स्वैक्षिक दान किया। भूतपूर्व सैनिकों ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बताते चले कि 07 दिसम्बर 1949 को पूरे देश में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के रूप में शहीदों और वर्दी धारियों, जिन्होने देश के सम्मान की रक्षा के लिये हमारी सीमाओं पर बहादुरी से लडाई लडने, का सम्मान करने के लिये मनाया जाता है। सीमाओं पर बहादुरी से लडाई लडने और अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों की वीर नारियों, अपंग एवं गम्भीर बीमारियों से जूझ रहें पूर्व सैनिकों एव उनके आश्रितों, दीन हीन पूर्व सैनिकों जों उच्च खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं की सहायता करने, एवं उनके देख भाल करने के लिये हमारे दायित्व को दर्शाता है।

### नौ दिसंबर को मानिकपुर में लगेगा रोजगार मेला

**चित्रकूट।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिये लावा इंटरनेशनल लिमिटेड नोएडा द्वारा 9 दिसंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर में अप्रेंटिस/ रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में आईटीआई पास आउट (महिला व्यवसाय को छोड़कर) प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं, प्लेसमेंट से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आईटीआई के प्लेसमेंट प्रभारी प्रदीप भूषण पंडित मोबाइल नंबर 9450619506 से संपर्क कर सकते हैं।

### सामाजिक समरसता दिवस के रूप मे मना परिनिर्वाण दिवस

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम सामाजिक समरसता दिवस को जिले की विभिन्न इकाई, कैंपस में मनाया गया, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजीव पाठक ने डॉ आंबेडकर के बारे में बताया तथा प्रवासी के रूप में आए बांदा विभाग के विभाग संयोजक नीतीश निगम ने बताया कि डॉ अंबेडकर सदैव से समाज को एक धारा में लाना चाहते थे जहां किसी प्रकार का किसी के साथ भेदभाव ना हो तथा सभी लोग छुआछूत जैसी कुरीति से दूर होकर के एक दूसरे का सम्मान करें। गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें कानपुर प्रांत उपाध्यक्ष डॉ पवन त्रिपाठी ने बताया डॉ भीमराव अंबेडकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सदैव कार्य करते रहे हैं। हमारे वेद पुराण शास्त्रों में भी किसी भी प्रकार की छुआछूत भेदभाव का उल्लेख नहीं है। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ वीके चौधरी ने छात्र-छात्राओं को डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन के बारे में बताया। इस मौके पर नीतीश निगम, राम जी, तेज प्रकाश, नितेश, अनुज निषाद, दुर्गेश द्विवेदी, रज्जन द्विवेदी, शाश्वत उपस्थित रहे।


### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।


# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का लाभ न मिलने से क्षेत्र वासियों में आक्रोश

## ढाई साल के बाद भी मांग पूरी न होने पर चलाया जा रहा अभियान

■ महोबा



जिले से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क का खरेला क्षेत्र के लोगों को लाभ नही मिल रहा है। कारण, खरेला क्षेत्र की भूमि से निकले इस हाईवे पर किसी भी जगह से कट लगाकर सड़क को जोड़ा नहीं गया है, जिससे खरेला के साथ साथ चरखारी, कुलपहाड़ क्षेत्र के लोगों को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क पर सफर करने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ती है या फिर महरूम होना पड़ रहा है। यहां के जनप्रतिनिधियों और बाशिंदों द्वारा सड़क निर्माण काल के वक्त से सड़क पर कट लगाए जाने की मांग की जाती रही, लेकिन आज तक इनकी यह मांग पूरी नहीं हो सकी, जिससे क्षेत्र के लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

पूर्व प्रधान बसौठ स्कंध तिवारी, परथनियां ग्राम के मोतीलाल अहिरवार, अजय कुमार विश्वकर्मा आदि ग्रामीणों ने बताया कि जिले के समीवर्ती सात गांव की 2018 में भूमि अधिग्रहित कर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क निर्माण करवाकर 2022 में सडक का लोकापर्ण किया गया था, लेकिन चरखारी कुलपहाड़ खरेला जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के लोगों को इस एक्सप्रेस वे सड़क का क्षेत्र के आसपास से लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस निर्माण के समय चरखारी मुस्करा के मध्य परथनियां सड़क को कट लगाकर एक्सप्रेस वे से जोड़े जाने को लेकर पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक राकेश गोस्वामी व एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर को ज्ञापन दिया गया था, जिस पर उनके द्वारा सड़क को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़े जाने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन ढाई साल का समय बीत जाने के बाद भी मांग पूरी नहीं हुई, जिससे क्षेत्र के लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में आने वाले सैकड़ों गांवों के ग्रामीणां ने ग्राम परथनिया में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सड़क पर कट लगाए जाने की मांग के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्राम प्रधानों, समाजसेवियों और युवा संगठनों के सहयोग से एक बार फिर प्रतिनिधियों और प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजे जाने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया कि एक माह के अंदर परथनियां गांव की सड़क को कट लगाकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़े जाने की पहल नहीं की गई तो क्षेत्र के लोग लामबंद होकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। बताया कि एक्सप्रेस वे की सुविधा मिलने से जहां चरखारी कुलपहाड़ खरेला क्षेत्र के व्यापारियों का व्यपारिक आवागमन होगा वहीं आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों रोजगार की सुविधा भी मिल सकेगी।

# जिले में हुए समाधान दिवस में आई 155 शिकायतों में से 20 का हुआ निस्तारण

## जांच में फर्जीवाड़ा पाए जाने पर संबन्धित अधिकारी कर्मचारी पर होगी कार्रवाई



■ महोबा

तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिले के आला अधिकारी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। समाधान दिवस के मौके पर 90 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिसमें से 10 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निष्पक्ष और समयवद्ध तरीके से निस्तारण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम द्वारा भी फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर 48 शिकायतें आई, जिसमें 6 शिकायतों का अपर जिलाधिकारी शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने मौके पर निस्तारण किया, वहीं तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां पर उनके द्वारा आई 17 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

## जैविक खेती के किसानों को जागरूक कर सिखाए गुर

**महोबा।** ग्रामोन्नति संस्थान के तत्वावधान में ग्राम सबुआ के पंचायत भवन में ग्राम स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संस्थान द्वारा किसानों को जैविक खेती पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही जैविक खाद बनाने और उसके प्रयोग के फायदे और परंपरागत बीजों की बुवाई से लेकर भंडारण क्रियाओं से भी रुबरू कराया गया। गोष्ठी में किसानों ने जैविक खेती की जानकारी हासिल कर इसी विधि स खेती किए जाने की सहमति जताई।

गोष्ठी में ग्रामोन्नति संस्थान के रुद्रप्रताप मिश्र ने किसानों का जैविक खेती की जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन काल में मानव स्वास्थ्य के अनुकुल तथा प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप खेती की जाती थी, जिससे जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान प्रदान का चक्र (पारिस्थितिकी तंत्र) निरन्तर चलता रहा था, जिसके फलस्वरूप जल, भूमि, वायु तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता था।

कहा कि जैविक खेती रासायनिक खेती की विधि की तुलना में बराबर या अधिक उत्पादन देती है। जैविक खेती मृदा की उर्वरता एवं कृषकों की उत्पादकता बढ़ाने में पूर्णतः सहायक है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में जैविक खेती की विधि और भी अधिक लाभदायक है। जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही कृषक भाइयों को आय अधिक प्राप्त होती है।

## एसपी ने बरगढ़ थाने का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना बरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, अद्यावधिक, बंदीगृह, सीसीटीएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष बरगढ़ को थाना परिसर की साफ सफाई कराने को बताया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष बरगढ़ पंकज तिवारी, पीआरओ प्रवीण सिंह उपस्थिति रहें।

# बांग्लादेश में स्थाई शांति स्थापित करने में सार्क देशों की भूमिका अहम।

## सार्क चार्टर दिवस कर दिया विश्व शांति ,अहिंसा ,मानव अधिकारों की रक्षा, मानवता, सामाजिक सद्भावना,परस्पर आपसी सहयोग बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण , जलवायु परिवर्तन की रोकथाम,बाल मजदूरी उन्मूलन, सीमा पार बाल व्यापार उन्मूलन ,बाल विवाह उन्मूलन एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति का संदेश।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क **चंपारण।** सत्याग्रह भवन में सार्क देशों द्वारा सार्क चार्टर को अपनाने के वर्षगांठ पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ,बुद्धिजीवियों एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक,डॉ शाहनवाज अली, डॉ अमित कुमार लोहिया ,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता नवीदूं चतुर्वेदी, पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन ने संयुक्त रूप से सार्क के निमार्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्व शांति ,मानव अधिकारों की रक्षा, मानवता, अहिंसा ,सामाजिक सद्भावना, जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण, बाल मजदूरी उन्मूलन ,सीमा पार बाल व्यापार उन्मूलन ,बाल विवाह ,परस्पर आपसी सहयोग बढ़ाने एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ चार्टर दिवस प्रतिवर्ष 8 दिसंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर बांग्लादेश में हिंसा एवं अशांति पर चिंता व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में स्थाई शांति लाने में सार्क देशों की भूमिका अहम है क्योंकि बांग्लादेश खुद सार्क देशों के सदस्यों में से एक है। हम सब शांति एवं बंधुत्व के साथ सार्क देशों के बीच परस्पर सहयोग बढ़ाने की आशा करते हैं।इस वर्ष क्षेत्रीय समूह की 40वीं वर्षगांठ है। ढाका, बांग्लादेश में आयोजित पहले सार्क शिखर सम्मेलन में चार्टर पर सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों या बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के शासनाध्यक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सार्क चार्टर का इतिहास गौरवशाली रहा है। 8 दिसंबर 1985 को,




समूह के पहले शिखर सम्मेलन के दौरान, ढाका में सार्क चार्टर को अपनाया गया था। चार्टर पर आठ दक्षिण एशियाई देशों- बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान, मालदीव, नेपाल, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। जैसा कि इसके चार्टर में उल्लेख किया गया है, सार्क का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने और सामाजिक प्रगति और आर्थिक विकास के माध्यम से उनके जीवन स्तर में सुधार करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना है।

# कीर्तिमान : ग्रामोदय विश्वविद्यालय को मिला 'ए++' ग्रेड

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने जारी की ग्रेडिंग, ए डबल प्लस ग्रेड प्रदान किया

■ चित्रकूट

ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी चित्रकूट में स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने अब नया कीर्तिमान रच दिया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर ने विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस ग्रेडिंग प्रदान की है। राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित ग्रामोदय विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस ग्रेड मिलने के बाद पूरे विश्वविद्यालय में हर्ष की लहर व्याप्त है। उच्च शिक्षा जगत में ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने श्रेष्ठता का परचम फिर लहराया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को सर्वोच्च ए डबल प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा ने सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार और




■ए++ ग्रेड मिलने की खुशी में ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ढोल नगाड़ा बजे

■कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा का भव्य स्वागत

■विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुलगुरु को लेकर स्वागत जुलूस निकाला

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शुभेच्छुओं को बधाई दी है।

कुलगुरु प्रोफेसर भरत मिश्रा ने बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस ग्रेड मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह ग्रेड इस बात को प्रदर्शित करता है कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार अपने शैक्षिक एवं अन्य सभी मूल्य को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है।

कुलसचिव नीरजा नामदेव ने बताया कि पिछले दिनों ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नैक की टीम पहुंची थी और उसने विश्वविद्यालय के अलग-अलग पैमानों पर रिपोर्ट तैयार की थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर यह रैंकिंग शुक्रवार शाम को जारी कर दी गई।

इस उपलब्धि को लेकर ग्रामोदय कैंपस में खुशी और उत्साह का माहौल है। ए डबल प्लस ग्रेड मिलने की खुशी में ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आज गाजे बाजे के साथ ढोल नगाड़ा बजे। कैंपस कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुलगुरु को लेकर स्वागत जुलूस निकाला। मालाएं पहनाई। मिठाई बांटी। संकाय, निदेशालय सहित कार्यालयों में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के प्रत्यक्ष रूप से पहुंचने पर बुके और मालाएं भेंट किया। स्वागत भ्रमण के दौरान प्र. कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बेतिया में तीन दिन से चल रहे आचार्य सम्मेलन का समापन समारोह संपन्न



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** चंपारण विभाग का त्रिदिवसीय आचार्य सम्मेलन का रविवार को समापन समारोह संपन्न हुआ। द्वितीय और अंतिम दिवस विभिन्न प्रतियोगिताये जैसे हिंदी अंग्रेजी सुलेख, आशु भाषण, रंगमंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, समता, सूर्य नमस्कार, आचार्य वेश संपन्न हुई एवं विजेताओं को उनके परफॉर्मेंस के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। अधिकांश प्रतियोगिताओं में सरस्वती विद्या मंदिर, बरवत सेना के आचार्य एवं आचार्या विजित हुए। समापन समारोह अपराह्न डेढ़ बजे से तीन बजे तक चला। इस समारोह के विशिष्ट अतिथि थे पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल, मुख्य अतिथि थे चंपारण विभाग संघ चालक राजकिशोर प्रसाद अन्य अतिथियों में विभाग कार्यवाह कृष्णा पासवान,जिला संघ चालक मंकेश्वर प्रसाद, चंपारण विभाग निरीक्षक अनिल राम, बेगूसराय विभाग निरीक्षक से कृष्णा प्रसाद,नव गठित विद्यालय समिति अध्यक्ष श्री वर्मा प्रसाद, कोषाध्यक्ष शिव कुमार, प्रधानाचार्य विनोद कुमार मंचासिन थे। दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के बाद पुरस्कार वितरण किया गया।पुरस्कार प्राप्त करने वालों में लखींद्र कुमार सिंह, राजेश मिश्र, नवनीत जी, शिल्पी वर्मा, श्वेता कुमारी, विमलेश कुमार सिंह, शशांक कुमार, शशि रंजन आदि थे। मुख्य अतिथि हरि लाल ने कहा कि वे विद्या भारती विद्यालयों के अनुशासन और संस्कार से अभिभूत हैं। विशिष्ट अतिथि राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि ज्ञान की ताकत तलवार की ताकत से काफी अधिक होती है।इस प्रकार के सम्मेलन निश्चित रूप से शिक्षकों को ऊजार्वान एवं स्किल्ड बनाते है। समिति अध्यक्ष ने शिक्षकों को और अधिक जोश से कार्य करने का आवाहन किया। अंत में प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अतिथि,अधिकारी, आचार्य, कर्मचारी, पत्रकार बंधुओं एवं अन्य को धन्यवाद दिए।

## सार संक्षेप

### अनन्या पांडे यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली**: बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को एनडीटीवी के इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2024 में यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इस दौरान अनन्या ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बात की। अनन्या पांडे से पूछा गया कि एक के बाद एक सक्सेस देख उन्हें कैसा लगा तो उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है. मैंने इस तरह की फिल्में की जिससे लोग कनेक्ट कर पाएं।मैंने भी खुद को दर्शकों से जुड़ा हुआ महसूस किया।काफी लोगों ने कहा कि उन्हें मेरा काम अच्छा लगा। वहीं अनन्या ने अपनी फेवरेट फिल्म और रोल के बारे में भी बताया।अनन्या ने कहा कि उन्हें करीना कपूर की जब वी मेट बहुत पसंद है और गीत कैरक्टर उन्हें बहुत अच्छा लगता है। अनन्या ने कहा कि सीक्वल में काम करने का मौका मिला तो वे इस फिल्म के सीक्वल में जरूर काम करना चाहेंगी।

### परेशान हो रहीं हैं मईयां सम्मान योजना की हकदार : मरांडी



**रांची**: झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मईयां सम्मान योजना को लेकर फिर एकबार राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हजारीबाग जिले सहित पूरे झारखंड में महिलाएं 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। 18 से 50 वर्ष की उम्र की विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाएं, जो इस योजना के अंतर्गत आती हैं, उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा। कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया, लेकिन फिर भी उनके खातों में सम्मान राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश महिलाओं को राशि मिलना तो दूर, आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं है, इससे झारखंड की सभी माताएं बहनें परेशान हो रही हैं। कई मामलों में, फार्म भरने और आवश्यक दस्तावेज देने के बावजूद, योजना का लाभ नहीं मिला।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मांगी 50 लाख रुपए की रंगदारी

**रांची**: केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ को धमकी देते हुए उनसे बतौर रंगदारी 50 लाख रुपये की मांग की गयी है। यह धमकी भरा मैसेज सांसद श्री सेठ के मोबाइल में पिछले शुक्रवार को दिन में करीब चार बजे आया था। उस समय सेठ दिल्ली में एक बैठक में शिरकत कर रहे थे लेकिन उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दिल्ली के डीसीपी को दी। डीसीपी ने सेठ से मुलाकात कर सारी जानकारी ली और इसकी जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में पता चला कि जिस नंबर से धमकी भरा मैसेज आया था, उसका लोकेशन राजधानी रांची के कांके इलाका में मिला। इसके बाद झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को जानकारी दी गयी। इस मामले में झारखंड पुलिस दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है और अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

### सेना ने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिक को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर**: सेना ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान ड्यूटी के दौरान शहीद हुये राइफलमैन जसविंदर सिह को शनिवार को श्रद्धांजलि दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चिनारकॉर्प्स को ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान आरएफएन जसविंदर सिह के दुर्भाग्यपूर्ण और असामयिक निधन पर खेद है। दुख की इस घड़ी में, भारतीयसेना शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनके समर्थन में प्रतिबद्ध है। हालांकि सेना ने अधिक विवरण का खुलासा नहीं किया, लेकिन सूत्रों ने कहा कि सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान की शुक्रवार को फकीर गुजरी दारा हरवान में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

# परोपकार के मूल्यों से राष्ट्र को प्रेरित करता है गुजरात : अमित शाह

● अहमदाबाद,

**केंद्रीय** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट जैसे संगठन कल्याणकारी राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राज्य अपनी सेवा और परोपकार के मूल्यों से राष्ट्र को प्रेरित करता रहता है।

शाह ने गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट के 34 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज मनाए गए लोकसेवा के उत्सव पर कहा कि गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट अपने 35वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, मैं ट्रस्टियों को उनके नेक और निस्वार्थ प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। मैं आज इस संगठन द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करता हूं। जैसा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था, सच्चा ज्ञान दूसरों की सेवा करने के लिए खुद से ऊपर उठने में निहित है। यह ट्रस्ट सेवा और करुणा की इसी भावना का उमदा उदाहरण है।

अमित शाह ने इस अवसर पर भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति द्वारा परिकल्पित जन कल्याण के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से सरकार ने नागरिकों को आवास, भोजन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा, ''इन पहलों ने पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। हालांकि, मेरा दृढ़ विश्वास है कि सरकार अकेले यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकती। कई ट्रस्टों और व्यक्तियों ने इसे साकार करने में योगदान दिया है।



शनिवार को नई दिल्ली में सशस्त्र बल झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बल ध्वज पिन लेते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

# बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर हमला

## कट्टरपंथियों ने पेट्रोल डालकर आग लगाई, मूर्तियों समेत सभी सामान जला

● ढाका, एजेंसी

**बांग्लादेश** में कट्टरपंथियों ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। शनिवार को राजधानी ढाका में इस्कॉन मंदिर में आग लगा दी गई। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने ढळकको बताया कि बांग्लादेश में लगातार वैष्णव सम्प्रदाय और इस्कॉन सदस्यों को टारगेट कर हमले किए जा रहे हैं।

राधारमण दास ने पोस्ट में लिखा कि बांग्लादेश में एक और इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया गया। हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात 2-3 बजे के बीच उपद्रवियों ने ढाका में मौजूद श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर और श्री श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आग लगा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उपद्रवियों ने मंदिर में आग लगाने के लिए पेट्रोल या ऑक्टेन का इस्तेमाल किया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से हमारी अपील के बाद भी, पुलिस इन हमलों से निपटने के लिए कोई खास कदम नहीं उठा रही है। राधारमण दास ने न्यूज एजेंसी से कहा- हम उम्मीद कर रहे थे अब हिंसा कम होगी, दो दिन में हिंसा कुछ कम भी हुई थी, लेकिन आज हुई घटना बहुत दुखद है। अंतरिम सरकार के प्रमुख ने अल्पसंख्यक समूहों के प्रमुखों से मुलाकात भी की थी। इसके बाद हम लोग हालात में बदलाव की उम्मीद कर रहे थे,






लेकिन अब जो देख रहे हैं वो एकदम अलग ही तस्वीर है। मेरे पास और भी कई वीडियो आए हैं, जिसमें कुछ लोग धमकी देते हुए कह रहे हैं कि अगर सरकार इस्कॉन को बैन नहीं करेगी तो हम खुद इस्कॉन के लोगों की हत्या करना शुरू करेंगे। सरकार को ऐसे लोगों को जल्द गिरफ्तार करना चाहिए। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने पोस्ट में कहा- बांग्लादेश के ढाका में इस्कॉन नमहट्टा सेंटर पर हमले की कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें श्री श्री लक्ष्मी नारायण के विग्रह और मंदिर का सामान जल गया। दोषियों को कटघरे में लाने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। बांग्लादेश में 5 अगस्त, 2024 को शेख हसीना सरकार गिरने के बाद हिंदू आबादी निशाने पर है। मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। हिंदू नेताओं को धमकियां मिल रही हैं। इस्कॉन से जुड़े धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास देशद्रोह के आरोप में 25 नवंबर से पुलिस हिरासत में हैं।

# सैनिकों का कल्याण करना देश की सामूहिक जिम्मेदारीः राजनाथ

### सशस्त्र बल झंडा दिवस पर केंद्रीय रक्षा मंत्री ने देशवासियों किया आह्वान

● नई दिल्ली,

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान करने का आह्वान करते हुए कहा है कि सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण को सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताया है।

सिंह ने शनिवार को इस अवसर पर अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह दिन नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान तथा समर्पण को पहचानने और इनके प्रति जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, न केवल बाहरी खतरों से, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। उनका बलिदान और हमारे सैनिकों का अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है ।पूर्व सैनिकों के कल्याण



के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान दे। यह दिन हर वर्ष शहीद नायकों और जवानों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो मातृभूमि की रक्षा के लिए सीमाओं पर बहादुरी से लड़ते हैं। रक्षा मंत्रालय का भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और विकलांगों सहित भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए काम कर रहा है।

### तेलंगाना सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**भुवनगिरी**: तेलंगाना के यदाद्री भुवनगिरी जिले के गांव जलालपुर में शनिवार तड़के एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिरने से पांच युवकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना तड़के तब हुयी, जब कार सवार युवक हैदराबाद से भूदान पोचमपल्ली जा रहे थे। तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गहरे तालाब में जा गिरी। इसमें पांच युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक घायल युवक तैरकर तालाब के बांध तक पहुंचने में सफल रहा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार को तालाब से बाहर निकाला। उन्होंने घायल युवक को भुवनगिरी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूत्रों के अनुसार, मृतकों में हर्ष, दिनेश, वामशी, बालू और विनय के हैं।

### नायब सैनी का बयान बेतुका : सैलजा

**चंडीगढ**: कांग्रेस महासचिव और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को कहा कि किसानों को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी का बयान बेतुका है। कुमारी सैलजा ने कहा कि फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून व अन्य मांगों को लेकर दिल्ली जाने का प्रयास करने वाले किसानों से हमदर्दी जताने के बजाय कहते हैं कि 'दिल्ली कूच' करने वाले किसान पंजाब के हैं इसलिए वहाँ के मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान को उनसे बात करनी चाहिए। यह बयान सरासर गैर-जिम्मेदाराना है। किसान पंजाब के हों या हरियाणा के, सभी को लोकतंत्र में अपनी बात कहने का अधिकार है। एमएसपी का मुद्दा केंद्र सरकार से जुड़ा हुआ है, पंजाब से नहीं। यदि पंजाब के किसान एमएसपी गारंटी का कानून बनाने की मांग पर केंद्र सरकार के पास जा रहे हैं।

### मामूली विवाद में पिता ने की पुत्र हत्या

**खरगोन**: मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के ऊन थाना क्षेत्र के ऊपडी गांव में एक व्यक्ति ने काम नहीं करने से नाराज होकर अपने पुत्र की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि रूम सिंह अखाड़े (55) को उसके पुत्र हीरालाल उर्फ हीरू (30) की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रूम सिंह अपने मंझले पुत्र हीरालाल के कुछ काम नहीं करने के चलते नाराज रहता था। पिता और पुत्र के बीच इसी बात को लेकर अक्सर विवाद भी होता रहता था। हल जोतने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। जब रूम सिंह रात को अपने घर आया तो उसने हीरालाल को पलंग पर सोते हुए देखा। उसने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से हीरालाल पर वार किया, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# सीरिया में घटनाक्रम के बारे में इस्लामी गणराज्य ईरान के विदेश मंत्रालय का वक्तव्य

**ईरान।** के इस्लामी गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने सीरिया में हाल के घटनाक्रमों पर विचार करते हुए सीरिया की एकता, राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के ईरान के सैद्धांतिक रुख को दोहराया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि सीरिया के भविष्य का निर्धारण करना और उसके भाग्य के बारे में निर्णय लेना पूरी तरह से सीरियाई लोगों की जिम्मेदारी है, बिना किसी विनाशकारी हस्तक्षेप या बाहरी दबाव के। इसे प्राप्त करने के लिए सैन्य संघर्षों को तत्काल समाप्त करना, आतंकवादी गतिविधियों को रोकना और सीरियाई समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हुए राष्ट्रीय संवाद की शुरूआत करना आवश्यक है ताकि एक समावेशी शासन संरचना स्थापित की जा सके जो सभी सीरियाई लोगों का प्रतिनिधित्व करती हो। ईरान का इस्लामी गणराज्य सीरिया में राजनीतिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में अंतर्राष्ट्रीय तंत्रों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 का समर्थन करना जारी रखता है। इस्लामी गणराज्य इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र के साथ



रचनात्मक जुड़ाव भी बनाए रखता है। सीरिया के इतिहास के इस महत्वपूर्ण दौर में, सभी सीरियाई नागरिकों और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सिद्धांतों के अनुसार राजनयिक और कांसुलर सुविधाओं की सुरक्षा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईरानी और सीरियाई देशों के बीच संबंधों की ऐतिहासिक जड़ें गहरी हैं और वे हमेशा से मैत्रीपूर्ण रहे हैं। उम्मीद है कि यह संबंध दोनों देशों द्वारा आपसी हितों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दायित्वों के पालन के आधार पर एक बुद्धिमान और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ जारी रहेगा। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश के रूप में सीरिया की भूमिका पर जोर देते हुए, सीरिया में सुरक्षा और स्थिरता स्थापित करने में मदद करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस उद्देश्य के लिए, यह सभी प्रभावशाली पक्षों, विशेष रूप से क्षेत्र के लोगों के साथ परामर्श जारी रखेगा। यह स्पष्ट है कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान सीरिया और क्षेत्र में विकास पर बारीकी से नजर रखेगा। सीरिया के राजनीतिक और सुरक्षा परिदृश्य में प्रमुख खिलाड़ियों की कार्रवाइयों और आचरण को ध्यान में रखते हुए, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान आवश्यकतानुसार उचित दृष्टिकोण और स्थिति अपनाएगा।

# झारखंड विस चुनावः झामुमो का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

## जबकि कांग्रेस का प्रदर्शन 2019 की तुलना में सुधार के बजाय और हो गया खराब

● रांची,

**झारखंड** विधानसभा चुनाव में झामुमो गठबंधन को अपेक्षा से अधिक सीटें मिलीं जबकि कांग्रेस का प्रदर्शन 2019 की तुलना में सुधार के बजाय और खराब हो गया ।

दरअसल वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थी लेकिन बाद में विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गए थे और कांग्रेस की सीटें बढ़कर 18 हो गई थी लेकिन इस बार कांग्रेस केवल 16 सीटें ही जीत पाई। दूसरी ओर, झामुमो ने अपना प्रभाव बढ़ाया और 34 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बन गई और विधानसभा चुनाव में यह उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। झामुमो के लिए यह एक उत्साहजनक क्षण है लेकिन गठबंधन दलों के भविष्य के लिए यह एक चेतावनी भी है। झामुमो के विधानसभा चुनाव में अब तक के सबसे बेहतर प्रदर्शन के लिए हेमंत सोरेन के अलावा कल्पना सोरेन को भी श्रेय दिया जा रहा है। झामुमो 2029 के विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने का विकल्प चुन सकती है। यह पहली बार तब संकेत दिया गया था जब झामुमो ने मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सभी अन्य दलों को अलग कर दिया और केवल हेमंत सोरेन ने अकेले शपथ लिया और वह अकेले झारखंड सरकार का चेहरा बन गये। परंपरागत रूप से, मुख्यमंत्री के साथ-साथ गठबंधन दलों के मंत्री भी शपथ लेते हैं। झामुमो ने गठबंधन सहयोगियों को अपनी सीमा में रहने के लिए एक संदेश भेजा, जो भविष्य के लिए एक चेतावनी है। इसके अलावा, चुनावी आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि सभी दल झामुमो के कारण लाभान्वित हुए हैं। वर्तमान में, झामुमो आदिवासी वोटों को बनाए रखती है, जो अन्य दलों को भी लाभ पहुंचाती है। यदि झामुमो भविष्य में अकेले चुनाव लड़ती है, तो वह सबसे अधिक अल्पसंख्यक वोट लेने की संभावना रखती है। इसके अलावा, इस कैबिनेट विस्तार में, झामुमो ने दो ओबीसी नेताओं, सुदिव्य कुमार सोनू और योगेंद्र प्रसाद को मंत्रिमंडल में शामिल किया, जो एक मजबूत संदेश है। हालांकि, कांग्रेस इस बार ओबीसी नेता बन्ना गुप्ता की हार के बाद नये कैबिनेट में ओबीसी नेता को शामिल करने में विफल रही, जिससे ओबीसी समुदाय के भीतर असंतोष पैदा हो गया है। इस बार कांग्रेस कोटे से हेमंत मंत्रिमंडल में दीपिका पांडे (ब्राह्मण), इरफान अंसारी(अल्पसंख्यक),शिल्पी नेहा तिर्की (आदिवासी) और राधा कृष्ण किशोर (एससी) को जगह मिली लेकिन ओबीसी समुदाय का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

इस बीच, झामुमो भविष्य के राजनीतिक लाभ के लिए सावधानी से स्थिति बना रही है, जबकि कांग्रेस खतरे से अनजान लगती है। कांग्रेस नेतृत्व को इस संभावना पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि यदि भविष्य में झामुमो से अलग होकर कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ना पड़ता है, तो वह ओबीसी मत कैसे हासिल करेगा।



शनिवार को रायरंगपुर में विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ।

# औपनिवेशिकवाद से मुक्ति ही दिलायेगी सही अर्थों में स्वतंत्रता

यद्यपि हमने 15 अगस्त, 1947 को औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की किंतु अंग्रेजों की लगभग 200 वर्षों की दासता का दुष्प्रभाव हमारी संस्थाओं, व्यवस्थाओं, राजनैतिक-सामाजिक प्रतीकों एवं जीवनशैली में विद्यमान हैं। औपनिवेशिक प्रवृत्ति एवं परंपराएं हमारी शासन व्यवस्था, भाषा, वास्तुकला एवं जीवन के अन्यान्य क्षेत्रों में अभी भी उपस्थित हैं। भौगोलिक परतंत्रता अब मानसिक और सांस्कृतिक गुलामी में परिवर्तित हो रही है। वर्तमान परिदृश्य में जब भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम औपनिवेशिक मानसिकता एवं उसके प्रतीकों से पूर्णरूपेण मुक्त हों। ऐसी सोच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण तक ही सीमित न रहे, अपितु यह व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बने।



शाहीन सबा

कहना न होगा कि गुलामी केवल भौगोलिक रूप से किसी देश पर आधिपत्य जमाने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उस राष्ट्र के जीवन दर्शन एवं मूल्यों को भी प्रभावित करती है। अंग्रेजों ने भारत पर शासन करते हुए न मात्र भौगोलिक एवं आर्थिक शोषण किया, वरन् भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक अस्मिता को भी विकृत किया। परिणामस्वरूप ऐसी मानसिकता का विकास हुआ जिसमें भारतीय नागरिक 'स्व' के अस्तित्व को भूलकर पश्चिमी सभ्यतागत विमर्श के अनुगामी बन बैठे।

भारत में आज भी अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व है। उच्च शिक्षा, न्याय प्रणाली एवं प्रशासनिक कार्यों में अंग्रेजी का ही बोलबाला है। भारतीय भाषाओं का व्यवहार करने वालो को कमतर आंका जाता है। आज माता-पिता इस बात पर गर्व करते हैं कि हमारा बेटा एक भी शब्द हिंदी का नहीं बोलता। इस सन्दर्भ में भारतेंदु हरिश्चंद्र का भाषा संबंधी विचार अंग्रेज़ी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन, पै निज भाषा ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन सार्थक हैं। अंग्रेज़ी से हमें परहेज नहीं होना चाहिए परन्तु उसे अपनी मातृभाषा से ज्यादा महत्त्व देना ठीक वैसे ही है जैसे अपनी माँ के स्थान पर दूसरे की माँ को अधिक श्रेष्ठ मानना। भारतीय भाषाओं में दक्षता नहीं होने की वजह से इनमें निहित भारतीय ज्ञान परंपरा से हम दूर हो रहे हैं। इन परंपराओं यथा योग, आयुर्वेद, वैदिक गणित, तर्क, चिकित्सा एवं दर्शनशास्त्र आदि के बारे में हमें पढ़ाया जाना चाहिए। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को प्रशासन, न्याय और शिक्षा में अनिवार्य बनाया जाना चाहिए।

भारतीय संस्कृति की महत्ता के संदर्भ में चीनी राष्ट्रवादी राजनयिक एवं विद्वान हू शिह का उद्गार समीचीन है, भारत अपनी सीमा के पार बिना एक भी सैनिक भेजे बीस शताब्दियों तक चीन पर अपना सांस्कृतिक प्रभुत्व बनाए रखा। बावजूद इसके आज का भारतीय समाज पश्चिमी संस्कृति को अपनी संस्कृति से अधिक आधुनिक और श्रेष्ठ मानता है। आज हमारे आचार-व्यवहार, गीत-संगीत सहित सम्पूर्ण जीवनशैली में पश्चिमी क्रियाकलापों का

**अंग्रेजों ने भारतीयों में यह भावना विकसित की कि हम सभ्यता, ज्ञान, और संस्कृति के क्षेत्र में पश्चिम से कमतर हैं। यहाँ तक कहा गया कि भारतीयों को सभ्य बनाना अंग्रेजों का अतिरिक्त कर्तव्य है। दुर्भाग्यवश हीनभावनाओं की जड़ें अब बहुत गहरी हो गयी हैं।**

अंधानुकरण एक स्टेटस सिंबल बन गया है। हम जो फादर्स-मदर्स-ब्रदर्स-सिस्टर्स-वैलेंटाइन डे आदि मनाते है, यह तो हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं, अपितु पाश्चात्य संस्कृति की भोंड़ी नकल हैं। हमारे लिए तो जीवन का प्रत्येक क्षण इन रिश्तों में आत्मीयता हेतु समर्पित था। हम अपनी प्रकृति-प्रेमी जीवन-शैली से विरक्त होकर प्रकृति विरोधी पथ पर अग्रसर हो गए है, परिणामतः जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम झेलने को विवश हैं।

व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित करने वाली गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के बजाय भारतीय शिक्षा प्रणाली आज भी मैकाले द्वारा स्थापित ढांचे पर आधारित है, जिसका उद्देश्य भारतीयों को उनकी सांस्कृतिक विरासत एवं जड़ों से काटना एवं पाश्चात्य मानसिकता विकसित करना था। हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीय ग्रंथों, विज्ञान और परंपराओं के स्थान पर पश्चिमी ज्ञान को श्रेय देती है। यहाँ तक कि हमारे आर्ष ग्रन्थों, सामाजिक संरचना एवं परम्पराओं की मनमानी व्याख्या करके हमारे समाज के भीतर विद्वेष के बीज बोए गए जिसके दुष्परिणाम हमारे सामाजिक-आर्थिक जीवन में दिखते हैं। इनमें विराम लगाने की आवश्यकता है।

आज भी भारतीय न्याय प्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्था ब्रिटिश मॉडल पर आधारित है। भारतीय दंड संहिता (आई पी सी), पुलिस एक्ट, और अन्य कानून, जो ब्रिटिश शासन के दौरान लागू किए गए थे, कमोवेश आज भी जस के तस उसी रूप में हैं। न्यायिक प्रक्रिया अंग्रेजी में होती है, जो आम जनमानस की समझ से परे है। भला हो मोदी सरकार का जिसने पहली बार भारतीय न्याय संहिता लागू की।

अंग्रेजों ने भारतीयों में यह भावना विकसित की कि हम सभ्यता, ज्ञान, और संस्कृति के क्षेत्र में पश्चिम से कमतर हैं। यहाँ तक कहा गया कि भारतीयों को सभ्य बनाना अंग्रेजों का अतिरिक्त कर्तव्य है। दुर्भाग्यवश हीनभावनाओं की जड़ें अब बहुत गहरी हो गयी हैं। पश्चिमी देशों से आयातित वस्तुओं और आचार-विचारों को उत्तम और भारतीय उत्पादों एवं विचारों को कम गुणवत्ता का मानना इसका ज्वलंत उदाहरण है। हमें भारत के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत एवं इतिहासबोध से दूर रखने की साजिश रची गयी, फलस्वरूप हम भारत के मूल स्वभाव को ही नहीं जान पाए एवं उससे दूर होते गए।

औपनिवेशिक मानसिकता हमारे विकास में बाधा बन कर आत्मनिर्भरता के रास्ते का रोड़ा बन रही है। भारतीय परंपराओं, त्योहारों, संस्कारों, रीति रिवाजों, कौशल-विकास परम्परा, ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था आदि को आधुनिकता के नाम पर त्यागा जा रहा है। युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और संस्कृति से अनभिज्ञ होती जा रही है। योग, आयुर्वेद और वास्तु जैसे अन्यान्य भारतीय ज्ञान-विज्ञान को पश्चिमी देशों द्वारा पुनः प्रस्तुत किए जाने पर ही मान्यता दी जाती है। हम अपने संसाधनों एवं प्रतिभा का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। विदेशी वस्तुओं, तकनीक और सेवाओं पर अत्यधिक निर्भरता आत्मनिर्भर भारत के मार्ग को दुष्कर बना रही है।

ऐसे में यक्ष प्रश्न है कि मानसिक गुलामी से मुक्ति कैसे पाई जाए? सर्वप्रथम प्रत्येक भारतीय को यह स्वीकार करना चाहिए कि हम भले ही राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो, लेकिन हमारी सोच पर अभी भी औपनिवेशिकता की काली छाया मड़रा रही है। जब तक भारतीय समाज इस बीमारी से मुक्त नहीं होगा, स्वतंत्रता अधूरी ही रहेगी। आवश्यकता है कि हम अपनी जड़ों की ओर लौटें एवं उसे सीचें। अपनी संस्कृति एवं जीवंत परंपरा पर गर्व करें और औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी, विकसित एवं 'स्व' के तंत्र वाले भारत का निर्माण करें। इस हेतु एक व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। जो केवल सरकारी नीतियों तक सीमित न हो, जिसमें समाज का हर वर्ग सम्मिलित हो। यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ कदमताल कर 2047 तक इस लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेना होगा।

# 'हिन्दूफोबिक' विपक्ष और विदेशी शक्तियों के षड्यंत्र

सुनो भाई साधो! वर्ष 1 अंक 17



**हिन्दू समाज के 500 वर्षों के सतत संघर्ष और अगणित बलिदानों के पश्चात श्री रामलला विराजमान के, जिन्हें देश के सर्वोच्च न्यायालय में अपनी जन्मभूमि पर अपना अधिकार सिद्ध करना पड़ा, भारत के लोगों के धन से भव्य जन्मभूमि-मंदिर का निर्माण हुआ उसकी प्राणप्रतिष्ठा समारोह में ये लोग तो आमंत्रण मिलने के बाद भी सहभाग नहीं किए। ये लोग श्रीराम, श्रीकृष्ण और महादेव के भक्तों को न्यायालय में अपने आराध्य की जन्मभूमि या ऐतिहासिक मंदिर की प्रमाणिकता के लिए आने को विवश करते हैं।**

नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस की देखरेख में बांग्लादेश में हिन्दुओं का जातिय संहार योजनाबद्ध रूप से चल रहा है। जातिय संहार को अंग्रेजी में एथनिक क्लींजिंग कहते है, संभवतः आप भी अंग्रेजी के ही इस शब्द से अधिक परिचित हों क्योंकि जातियों के संहार की बात एक भारतीय मन में न हो ये स्वाभाविक है परन्तु ईसाइयत और इस्लाम का इतिहास इस शब्द के चारो ओर चक्कर लगाता है। इस विषय पर विगत चार महीनों से हम 'स्वदेश' सहित विभिन्न संवाद माध्यमों में पढ़ते और सुनते आ रहे है। परन्तु एक बात गौर करने की है कि इस देश का विपक्ष, मैं केवल वामपंथी दलों की बात नहीं कर रहा हूँ, सम्पूर्ण विपक्ष बांग्लादेश की परिस्थिति पर या तो मौन है या फिर द्विधा में है। वामपंथियों की भूमिका पर हमलोगों ने पिछले अंक में विस्तार से चर्चा की था। 'हिन्दूफोबिया' की जो बीमारी समाज के एक हिस्से को लगी, इसके मूल सूत्रधार वामपंथी हैं। इनके चरित्र से हम सभी परिचित हैं। भारतीय राजनीति के अंकगणित की दृष्टि से ये दल परजीविता के सहारे दो-चार आसन सम्पूर्ण भारत में प्राप्त कर पाते हैं। परन्तु आन्दोलनजीविता और वर्तमान भारतीय विपक्ष के लिए 'पीच' तैयार करने में इनकी भूमिका अग्रगणी होती है। अलग-अलग नाम, पहचान, रंग और स्वरुप में वामपंथी कट्टरता ही देश के समक्ष नई समस्याओं या फिर भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने वाले वातावरण को जन्म देती है। राहुल गाँधी के हाथ में वो 'लाल संविधान' की पुस्तिका तो आपने देखी होगी न? तो क्या विपक्ष 'हिन्दूफ़ोबिक' हो गया है?



विप्लव विकास

ये सप्ताह भारतीय विपक्ष के लिए चिंतन करने वाला सप्ताह रहा है अगर वो सकारात्मक विपक्ष की भूमिका पालन करने को इच्छुक और प्रस्तुत है। अन्यथा भारत की जनता को चिंतन करना चाहिए कि 'एक ही स्वरुप की घटनाओं' पर 'विपक्ष का अलग-अलग रूप' क्यों होता है? जब बहराइच में गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है तब न तो राहुल न ही अखिलेश कोई भी उनके परिवार के साथ खड़ा नहीं होता। हिन्दू समाज के 500 वर्षों के सतत संघर्ष और अगणित बलिदानों के पश्चात श्री रामलला विराजमान के, जिन्हें देश के सर्वोच्च न्यायालय में अपनी जन्मभूमि पर अपना अधिकार सिद्ध करना पड़ा, भारत के लोगों के धन से भव्य जन्मभूमि-मंदिर का निर्माण हुआ उसकी प्राणप्रतिष्ठा समारोह में ये लोग तो आमंत्रण मिलने के बाद भी सहभाग नहीं किए। ये लोग श्रीराम, श्रीकृष्ण और महादेव के भक्तों को न्यायलय में अपने आराध्य की जन्मभूमि या ऐतिहासिक मंदिर की प्रमाणिकता के लिए आने को विवश करते हैं। तब इनकी वैज्ञानिकता और न्यायप्रियता की बात सुनते बनती है। भाई, जब मंदिर अपने होने की प्रमाणिकता देने के लिए सभी प्रकार के न्यायिक और वैज्ञानिक जाँच के लिए प्रस्तुत हैं या हो जाते हैं, तो फिर मस्जिदों की जाँच उसी आधार पर क्यों नहीं होनी चाहिए? रामसेतु की वैज्ञानिक पद्धति से जाँच करवा ली। अब भोजशाला हो या संभल या अजमेर या फिर मालदा का आदिनाथ का मंदिर जो वर्तमान में तथाकथित अदीना मस्जिद कहलाती है की जाँच वैज्ञानिक और न्यायिक प्रक्रिया के तहत क्यों ना हो? जाँच कीजिए, जो सत्य सामने आये उसके आधार पर निर्णय लीजिए। इस पर ये 'हिन्दूफ़ोबिक गैंग' तुरंत कहता है 'न जी न, इससे तो 'उनकी' भावनाएं भड़क जाएंगी'। क्यों भाई अपने महादेव के मंदिर के हिस्सों को जबरन तोड़कर उसी के ऊपर तीन-चार गुम्बद बैठा कर उसे मस्जिद घोषित कर देने वाली घटना को सुनकर हिन्दुओं की भावनाएं नहीं भड़क सकतीं? जब शिवलिंग को फव्वारा कहते हो तब हिन्दुओं की भावनाएं नहीं भड़क सकती? जब हिन्दू समाज औरंगजेब, अकबर, बाबर, खिलजी जैसे तत्कालीन आततायी शासकों के द्वारा अपने पूर्वजों के स्वाभिमान के मर्दन की घटनाएं इतिहास में पढता है और अपनी नंगी आँखों से काशी, मथुरा, अजमेर, मालदा जैसे सहस्त्रों स्थानों पर देखता है तब उसकी भावनाएं नहीं भड़क सकती क्या?

न्यायप्रिय, सतत संघर्ष और अपने पूर्वजों की सत्यान्वेषण की वैज्ञानिक परंपरा में विश्वास करने वाला हिन्दू समाज पत्थरबाजी करने और अपने देश की सड़को पर भीड़ के द्वारा फैसले करने वाली जमात का हिस्सा नहीं होना चाहता इसलिए वो न्यायलय की ओर कूच करता है। जाँच के लिए दरवाजे खोलता है। उसे पता है कि सत्य उसके साथ है और जाँच के बाद निर्णय सत्य के पक्ष में ही आएगा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और श्रीराम सेतु इसके जाज्वल्यमान प्रमाण हैं। तदनुरूप कांग्रेस और उनके गुट को भी ये पता है कि अगर जाँच सही से हो गयी तो वर्तमान का कब्ज़ा समाप्त हो जाएगा इसलिए वो जाँच में बाधा डालते हैं, मुसलमानों के एक गुट को भड़काते हैं और भड़काए रखते है जिससे उनका ये चातुर्यपूर्ण-वक्तव्य कि 'मुसलमानों की भावनाएं आहत होंगी' समीचीन बना रहे। न्यायलय तथा सरकार के ऊपर शांति-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहे। तभी तो संभल में पत्थरबाजी कराई जाती है। इसमें भी समाजवादी दल के नेताओं का नाम सामने आ रहा है। मस्जिदों और चुनाव के बीच रणनीतिक हिस्सेदारी की कीमत भारत और विशेषकर मुस्लिम समाज कब तक चुकाता रहेगा? ये तो मुस्लिम समाज का सही में भला चाहने वाले सभी लोगों को सोचना चाहिए। कारण? मुस्लिम समाज कुछ परिवारों के लिए केवल मतगणना वाली संख्या और वामपंथियों के लिए 'सोशल कैपिटल' भर तो नहीं है न? राहुल गाँधी बहराइच नहीं जाते, 'जस्टिस फॉर आर जी कर' हेतु कोलकाता नहीं आते पर संभल जाते है। कारण मूलतः मतगणना की संख्या में छिपा है। नहीं तो कोई नेता प्रतिपक्ष संसद में 'हिन्दू को हिंसक' कह सकता है भला? ये 'हिन्दू-फोबिया' नहीं तो और क्या है।

इकनोमिक टाइम्स और टाइम्स ऑफ़ इंडिया के रिपोर्ट के अनुसार सम्भल हिंसा के मामले में पाकिस्तान से जुड़े होने का सबूत पाया गया है। घटना स्थल से फॉरेंसिक टीम और नगर निगम की टीम द्वारा मंगलवार को ड्रेनों से छह खाली कारतूस बरामद किए गए। इनमें से एक कारतूस पाकिस्तान में बना था, जबकि एक अन्य अमेरिका में निर्मित था। क्या आपने इस पर इस देश के नेता प्रतिपक्ष का कोई वक्तव्य सुना? देश के आतंरिक सुरक्षा में विदेशी शक्तियों के सेंध की ओर ध्यानाकर्षित करने वाली इस रिपोर्ट के आधार पर तो एक रचनात्मक विपक्ष देश के सरकार से प्रश्न पूछता। वो भी तब जब संसद सत्र चल रहा है। पर वो पूछे कैसे जब उन पर ही ये आरोप लग रहा है कि वो जार्ज सोरोस जैसों के एजेंट हैं! लोकसभा में निशिकांत दुबे ने और राजयसभा में सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस के ओसीसीआरपी, जार्ज सोरोस और अन्य भारत विरोधी शक्तियों से सम्बन्ध पर तथ्यों के साथ बोला। पेगासस, हिंडनबर्ग, बीबीसी डाक्यूमेंट्री और अन्य ऐसे ही मुद्दों पर संसद सत्र में प्रियंका गाँधी, संजय राउत, राजदीप सरदेसाई जैसे लोगों का नाम ले कर और कब कैसे इन लोगों ने क्या गतिविधि की इस पर खुल कर बोले। हमने 'सुनो भाई साधो' के पिछले अंकों में इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की थी। इस बार संसद सत्र में जब इन मुद्दों पर चर्चा हुई तब राहुल गाँधी को चाहिए कि वो संसद में निशिकांत दुबे के प्रश्नों का जवाब दें। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस गुट को इस मुद्दे पर देश की जनता को सत्य बताना चाहिए। एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रिय राजनीतिक दल, नेता प्रतिपक्ष और पत्रकारों के नाम और गतिविधियों को संसद की बहस में तथ्यों के साथ जब रखे जाते हैं तब ये चिंता का विषय बन जाता है। विपक्ष को सत्य बताकर हम सभी को इस चिंता से मुक्त करना चाहिए।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

ज्योतिर्विद
* ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 08 दिसम्बर से शनिवार 14 दिसम्बर 2024 तक

**व्रत उत्सव**

विक्रम सम्वत 2081, शकाब्द 1946 कलियुग सम्वत 5125, कालयुक्त नाम सम्वतसर। रविवार 8 दिसम्बर से शनिवार 14 दिसम्बर 2024 मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी तिथि से मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्दशी तिथि तक। **रविवार 8 दिसम्बर:** भानु सप्तमी व्रत, मासिक दुर्गा सप्तमी व्रत। **बुधवार 11 दिसम्बर:** आज दशमी विद्धा पहली एकादशी, आज गीता जयंती, गीता पाठ करना चाहिए। गीता पर मनन चिंतन, वार्ता होना चाहिए। **गुरुवार 12 दिसम्बर:** आज द्वादशी युक्त दूसरे दिन की एकादशी, निम्बार्क वैष्णवों व अन्य अधिकांश वैष्णवों की। **शुक्रवार 13 दिसम्बर:** दक्षिण में कर्नाटक में मान्य श्री हनुमान जयंती, आज मार्गशीर्ष त्रयोदशी को। आज प्रदोष व्रत सूर्यास्त बाद 48 मिनिट के प्रदोषकाल में शिव पार्वती का ध्यान मंत्रजप पूजन। **शनिवार 14 दिसम्बर:** आज चन्द्रोदय व्यापनी पूर्णिमा, आज व्रत की पूर्णिमा तथा भगवान दत्रात्रेय जयंती। **अगले सप्ताह:** रविवार 15 दिसम्बर को दान स्नान की पूर्णिमा, मृगशीर्ष नक्षत्र पर पूर्णिमा होने से इस मास का नाम मार्गशीर्ष है। आज श्री त्रिपुर भैरवी जयंती पूर्णिमा।

**आकाश दर्शन और मौसम**

सूर्यास्त होते ही बड़े आकार में ब्रहस्पति ग्रह पूरब में दिख रहा है यह इन दिनों पृथ्वी के निकट है। इस शुक्र शनिवार को चन्द्रमा का गुरू से योग दर्शनीय है। **मौसम:** बुध उदय के बाद मार्गी, वर्षा कारक है।

**व्यापार भविष्य**

वित्त बैंकिंग, मैटल, आईटी के शेयरों में अच्छी तेजी का ग्रह संकेत सप्ताहांत में है। सोमवार को चन्द्र राहु योग अस्थिरता कारक रह सकता है।

**मेष–** आपकी राशि से सूर्य गुरु का प्रतियुति योग चल रहा है यह आपको आध्यात्मिक क्षेत्र में अच्छी अनुभूति दे सकता है और वाणी सिद्धि की दृष्टि से भी यह योग महत्वपूर्ण है। व्यापार रोजगार में रुके हुए काम आपके पक्ष में बन सकते हैं, वाद-विवाद भी आपके पक्ष में निपट सकता है। सप्ताह के सोमवार मंगलवार कुछ अशांति क्लेश और खर्चीले रह सकते हैं। जबकि बुधवार गुरुवार शुक्र शनिवार मान सम्मान बढ़ाने वाले और कार्य सिद्धि तथा व्यापार लाभदायक रहेंगे। संतान पक्ष की ओर से प्रसन्नता के प्रसंग होने का संकेत भी है।

**वृष–** आपकी राशि पर बृहस्पति और चंद्रमा का शुभ योग शुक्रवार शनिवार की शाम पूर्व दिशा में दिखाई दे रहा है यह आपकी मान प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा, किसी बड़े कार्य में आपको सफलता मिलेगी तथा ध्यान साधना में ईश्वरीय अनुकम्पा का अनुभव भी हो सकता है। सप्ताह के शुरू में पुराने कार्य को निपटाने का असमंजस रहेगा तथा काम आधे अधूरे ही बने रह सकते हैं। खर्च और व्यस्तता बढ़ सकती है। सप्ताह के आखिर में प्रसन्नता सफलता और व्यापार लाभ बढ़ने का योग है। रविवार मंगलवार शुक्र शनिवार अपेक्षाकृत अनुकूल दिन रहेंगे।

**मिथुन–** इस सप्ताह बड़े कार्यो में सामाजिक कार्यों में एवं परोपकार में खर्च होने का ग्रह योग है। उपयोगी यात्रा प्रसंग भी हो सकते हैं। सप्ताह के शुरू में आप अपने कामकाज में प्राथमिकताओं को लेकर कुछ असमंजस में रहेंगे इस कारण कुछ काम आधे अधूरे भी छूट सकते हैं। सप्ताह मध्य मित्रों से अच्छी मदद मिलेगी तथा व्यापार रोजगार में भी उपयोगी लेनदेन का योग है। सत्ता के आखिर में विभिन्न प्रकार के खर्च बढ़ सकते हैं व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता की दृष्टि से सप्ताह सामान्य रहेगा।

**कर्क–** आपको अपने कारोबार की प्रकृति के अनुसार इस तथा अगले सप्ताह कई क्षेत्रों से अच्छा लाभ हो सकता है। आपकी मित्रता का दायरा बढ़ेगा तथा प्रभावशाली वर्ग से भी अच्छा संपर्क आपका बना रहेगा। शुभ कार्यों में भागीदारी का ग्रह योग भी है। सप्ताह के शुरू में यात्रा को लेकर कुछ असमंजस रह सकता है तथा इसमें और अन्य कार्यक्रम में कुछ फेरबदल हो सकते हैं। सप्ताह के आखिर में कामकाज में सफलता और व्यापार में लाभ वृद्धि का योग है।

**सिंह–** आपकी राशि के स्वामी सूर्य का बृहस्पति से शुभयोग इन दिनों चल रहा है। इसका अच्छा असर आपके कार्य क्षेत्र पर पड़ेगा आपको नए कार्य से जुड़ने का मौका मिलेगा तथा प्रभावशाली वर्ग से भी आपकी निकटता बढ़ेगी। आपको कारोबार का विस्तार करने का नया अवसर मिलेगा। सप्ताह के शुरू में पुरानी समस्याएं कुछ उलझन परेशान कर सकती हैं जिनका समाधान इसी सप्ताह मध्य हो जाएगा। व्यापार रोजगार में सफलता और निजी जीवन में प्रसन्नता के लिहाज से बुधवार से शनिवार तक उत्तम दिन रहेंगे।

**कन्या–** आपको अपने कार्य क्षेत्र में नए तरीकों के काम काज सीखने के अवसर मिलेंगे। आपकी बौद्धिक सफलता की प्रशंसा होगी। प्रतीक्षित मामलों में अच्छी खबर भी मिल सकती है। धार्मिक आध्यात्मिक कार्यों में भी प्रवृत्ति कुछ अधिक रह सकती है। सप्ताह के शुरू में प्रिय जनों से सोमवार मंगलवार के लगभग कुछ तनाव उभर सकते हैं। रुके हुए मामलों में अच्छा उत्तर भी मिल सकता है। सप्ताह के आखिर में प्रसन्नता के कई तरह के प्रसंग हो सकते हैं। रविवार बुधवार शुक्र शनिवार उत्तम दिन रहेंगे।

**तुला–** आपकी राशि से गुरु सूर्य का योग आपकी वाणी का प्रभाव बढ़ाने में विशेष सहायक रहेगा। बातचीत में आपकी बात को महत्व दिया जाएगा। इस सप्ताह पहले के रुके काम जल्दी पूरे करने की चुनौती आपके सामने रह सकती है। इस कारण कुछ तनाव रह सकता है। पर इसे आप सफलतापूर्वक संपन्न कर सकेंगे। सप्ताह के शुरू में स्वास्थ्य संबंधी कुछ चिंताएं उभर सकती हैं जो सप्ताह समाप्त होते-होते दूर हो जाएंगी। व्यापार लाभ के लिहाज से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

**वृश्चिक–** आपकी राशि से संचार कर रहे सूर्य का बृहस्पति से प्रति युति योग इस भी सप्ताह चल रहा है। इसका अच्छा असर आपके कार्य क्षेत्र पर पड़ेगा आपका प्रभामंडल बढ़ेगा तथा आपके कार्य को मान्यता भी मिलेगी। कामकाज में विस्तार करने के अवसर भी आपको प्राप्त होंगे। सप्ताह के शुरू में कुछ चिंताएं संतान पक्ष की ओर से रह सकती हैं जिनका समाधान हो जाएगा। जबकि सप्ताह के आखिर में व्यापार लाभ बढ़ाने का तथा आनंद व कई तरह के प्रसंग होने का योग है। इस सप्ताह के आखिर में यात्रा का संकेत भी है।

**धनु–** आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति का सूर्य से प्रतियुति योग आपको अपनी जिम्मेदारियां को पूरा करने में मदद देगा। बढ़े हुए खर्च की व्यवस्था करने में भी आप सफल होंगे। कर्ज किश्त या अन्य देनदारी के भुगतान की चिंता का भी समाधान हो सकेगा। इस सप्ताह के शुरू में कुछ पारिवारिक चिंताएं और अशांति रह सकती है परंतु सप्ताह मध्य से वातावरण अनुकूल बनेगा सप्ताह के आखिर में व्यापार रोजगार में लाभ और मान सम्मान बढ़ने का योग भी प्रबल है। रविवार शनिवार उत्तम दिन रहेंगे।

**मकर–** आपको इस सप्ताह बौद्धिक और व्यापारिक कार्यों में अच्छी सफलता मिलेगी। आपके अनुमान सफल रहने से आपका लाभ भी बढ़ सकता है। संतान पक्षी और से प्रसन्नता के प्रसंग होने का योग भी है। अधिकारी और राज्य पक्ष से भी आपको अच्छा समर्थन होने का ग्रह संकेत है। सप्ताह के शुरू में मन कुछ अशांत रह सकता है लघु यात्रा संभावित रहेगी। नए परिचितों से लेनदेन में और वार्ता में सप्ताह के शुरू में सावधानी रखें खासकर इस सोमवार और मंगल को। रविवार शुक्रवार और शनिवार सप्ताह के अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभप्रद दिन रहेंगे।

**कुंभ–** आपकी परिस्थिति के अनुसार आपका राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा, आपको पद प्रतिष्ठा भी मिल सकती है। व्यापार रोजगार के क्षेत्र में आपको कारोबार को बढ़ाने के और अवसर मिल सकते हैं। नए लाभकारी समझौते भी हो सकते हैं। सप्ताह के शुरू में बातचीत में गलतफहमी के प्रति सावधानी रखें खासकर इस सोमवार और मंगलवार को। किसी एलर्जी भी सप्ताह के शुरू में स्वास्थ्य कष्ट संभावित है। रविवार बुधवार शुक्र शनिवार विशेष अनुकूल दिन रह सकते हैं।

**मीन–** आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति का सूर्य से भाग्यस्थान पर प्रतियुति योग इस सप्ताह तक चलेगा। यह आपको कई क्षेत्रों में संयोग वश अच्छे लाभ करा सकता है और पद प्रतिष्ठा में भी बढ़ोतरी कर सकता है। यदि आप ध्यान साधना कर रहे हैं जो आपको विशेष तरह अनुभव भी हो सकते हैं। इस सप्ताह के शुरू में आपको निर्णय करने में कुछ असमंजस का सामना हो सकता है। घर परिवार में शुभ कार्य होने का योग है। इस सप्ताह अच्छी खबर मिलने का तथा यात्रा भ्रमण होने का और कारोबार में नए लाभकारी लेनदेन होने की संभावना भी है। सप्ताह के आखिर में सत्संग लाभ होने का संकेत भी है। बुधवार से शनिवार तक अपेक्षाकृत अनुकूल दिन हैं।

# एडिलेड में भारत का टॉप आर्डर फेल, हार का संकट

## हेड ने जड़ा शतक, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 337 रन, भारत ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर बनाए 128 रन



### भारतीय टीम अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 29 रन पीछे

● एडिलेड,

**ट्रैविस** हेड (140) के शानदार शतक के बाद गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत को हार के संकट में ढकेल दिया है।

भारत की पहली पारी के 180 रनों के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बना कर भारत के खिलाफ 157 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल की। दिन के खेल के अंतिम सत्र में अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरे भारतीय दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद के प्रहार को झेलने में असफल रहे और अपने पांच विकेट महज 128 रन पर गंवा बैठे। भारत अभी भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी के स्कोर को छूने के लिये 29 रन दूर है। स्टंप के समय ऋषभ पंत 28 और नीतिश कुमार रेड्डी 15 रन बना कर क्रीज पर मौजूद हैं। अपना बल्लेबाजी क्रम में बदलने वाले कप्तान रोहित शर्मा (6) का बल्ला दूसरी पारी में भी नहीं चला वहीं पहले टेस्ट में शतक लगा कर भारत की जीत आसान करने वाले विराट कोहली (11) भी नहीं चले। केएल राहुल महज सात रन पर चलते बने जबकि पहली पारी में खाता खोलने में विफल रहे यशस्वी जायसवाल 24 रन के निजी स्कोर पर बोलैंड का शिकार बने। आज गिरने वाले पांच विकेटों में दो दो विकेट पैट कमिंस और स्कोट बोलैंड ने बराबर बराबर बांटे वहीं मिचेल स्टार्क के हाथ शुभमन गिल (28) का विकेट लगा। मैच के तीसरे दिन का दारोमदार आखिरी मान्यता प्राप्त जोड़ी पंत और रेड्डी पर होगा। यदि ये जोड़ी बड़ी साझेदारी करने में सक्षम होती है तो भारत की उम्मीदों को सहारा मिल सकता है हालांकि अब तक का मुकाबला पूरी तरह आस्ट्रेलिया के पक्ष में जाता दिख रहा है। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 80 रन से आगे खेलना शुरु किया। अपने होम ग्राउंड पर ट्रैविस हेड का




बल्ला आज भारतीय गेंदबाजों के सिर चढ़ कर बोली। अपने 31वें जन्मदिन से महज 21 दिन दूर हेड के आक्रामक अंदाज के मेजबान ही नहीं बल्कि भारतीय दर्शक भी कायल हो गये। एक छोर को अंगद के पांव की तरह क्रीज को पकड़े हेड ने लगभग 100 के स्ट्राइक रेट से बेखौफ बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और अपने करियर का सांतवा शतक पूरा किया। मो सिराज की गेंद पर क्लीन बोल्ड आउट होने से पहले उन्होने 17 चौके और चार गगनचुंबी छक्के लगाये। आस्ट्रेलिया की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह और सिराज दोनों ने चार-चार विकेट लिए जबकि नीतिश कुमार रेड्डी और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक विकेट मिला। भारत को आज पहली सफलता नैथन मैकस्वीनी (39) के तौर पर कप्तान बुमराह ने दिलायी जब वह उनकी एक बाहर जाती गेंद को छेड़ने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये। स्टीव स्मिथ के पांव जमाने से पहले बुमराह ने उनको भी नैथन के आउट करने के अंदाज से चलता किया। मार्नस लाबुशेन (64) को नीतिश ने जायसवाल के हाथों कैच करा कर वापस भेजा। वहीं मिचेल मार्श (9) रविचंद्रन अश्विन का शिकार बने। उनके आउट होने की अपील विकेट के पीछे ऋषभ पंत ने की जबकि अश्विन खामोश खड़े थे। अंपायर की अंगुली उठते ही वह खुशी से झूम उठे और मार्श ने भी अंपायर के फैसले का सम्मान करते हुये अपने ग्लब्स उतार दिये।

एक छोर पर खड़े होकर भारतीयों की बखिया उधेड़ रहे हेड को अब अगली पार्टनरशिप एलेक्स कैरी (15) के साथ करनी थी जिसका विकेटकीपर बल्लेबाज ने भरपूर सम्मान किया। कैरी हालांकि सिराज का शिकार बने वहीं कप्तान पैट कमिंस (12) की गिल्लियां बुमराह ने उड़ायीं। इससे पहले हेड का विकेट सिराज के झोली में जा चुका था।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 180 रन

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ख्वाजा का शर्मा बो बुमराह | 13 | 35 | 2 | 0 |
| मैकस्वीनी का पंत बो बुमराह | 39 | 109 | 6 | 0 |
| मार्नस का जयसवाल बो नीतीश | 64 | 126 | 9 | 0 |
| स्टीवन स्मिथ का पंत बो बुमराह | 02 | 11 | 0 | 0 |
| ट्रैविस हेड बो सिराज | 140 | 141 | 17 | 4 |
| मिशेल मार्श का पंत बो अश्विन | 09 | 26 | 1 | 0 |
| केरी का पंत बो सिराज | 15 | 32 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस बो बुमराह | 12 | 22 | 2 | 0 |
| स्टार्क का हर्षित बो सिराज | 18 | 15 | 3 | 0 |
| नाथन लियोन नाबाद | 04 | 6 | 0 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड बो सिराज | 00 | 9 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 21 रन

कुल : 87.3 ओवर में 337 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-24, 2-91, 3-103, 4-168, 5- 208, 6-282, 7-310, 8-332, 9-332, 10-337

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 23 | 5 | 61 | 4 |
| मोहम्मद सिराज | 24.3 | 5 | 98 | 4 |
| हर्षित राणा | 16 | 2 | 86 | 0 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 6 | 2 | 25 | 1 |
| रविचंद्रन अश्विन | 18 | 4 | 53 | 1 |

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का कैरी बो बोलैंड | 24 | 31 | 4 | 0 |
| राहुल का कैरी बो कमिंस | 07 | 10 | 1 | 0 |
| गिल बो स्टार्क | 28 | 30 | 3 | 0 |
| विराट कोहली का कैरी बो बोलैंड | 11 | 21 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 28 | 25 | 5 | 0 |
| रोहित शर्मा बो कमिंस | 06 | 15 | 1 | 0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 15 | 14 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 09 रन

कुल : 24 ओवर में पांच विकेट पर 128 रन

विकेट पतन: 1-12, 2-42, 3-66, 4-86 , 5-105

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 9 | 0 | 49 | 1 |
| पैट कमिंस | 8 | 0 | 33 | 2 |
| स्कॉट बोलैंड | 7 | 0 | 39 | 2 |

### हेड पिंक-बॉल टेस्ट के शीर्ष बल्लेबाजों के क्लब में शामिल

**एडिलेड, वार्ता :** ट्रैविस हेड ने शनिवार को यहां एडिलेड में शानदार पारी खेल कर दिन-रात्रि टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष रन बनाने वाले बल्लेबाजों में अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने इस प्रारूप में अपना तीसरा शतक जमाया है। रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर मिड-विकेट पर फ्लिक मारकर हेड ने यह उपलब्धि हासिल की। इस मौके पर उनकी पत्नी और छोटा बच्चा हजारों दर्शकों के साथ स्टैंड से उनका अभिवादन कर रहे थे। शतक के बाद, हेड ने अपने बल्ले का हैंडल अपने हेलमेट पर रखा, जो उनका एक प्रतिष्ठित इशारा था। एडिलेड में हेड के शतक ने ऑस्ट्रेलिया को पलटवार करने और मेहमान टीम को दवाब में रखने का बेहतरीन मौका दिया है। हेड ने इससे पहले भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किये हैं, जिसमें 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में उनका महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है। एडिलेड ओवल में उनका रिकॉर्ड हमेशा मजबूत रहा है, और आज का शतक इस मैदान पर उनकी शानदार उपलब्धियों में इजाफा करता है। दिन-रात टेस्ट में, हेड का शतक उन्हें शीर्ष बल्लेबाजों के एक विशिष्ट समूह में रखता है। इस समूह में सबसे आगे ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी मार्नस लाबुशेन हैं, जिन्होंने चार शतक बनाए हैं, जबकि हेड का नाम अब असद शफीक और दिमुथ करुणारत्ने के साथ जुड़ गया है।

### दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका 221 रन से आगे

**केबेरा, वार्ता :** दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन साउथ अफ्रीका ने 221 रन की बढ़त बना ली है। स्टंप्स तक टीम का स्कोर 191/3 रहा। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका ने 358 और श्रीलंका ने 328 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका से रायन रिकेलटन और काइल वेरियन ने सेंचुरी लगाई। वहीं श्रीलंका से पाथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। चौथे दिन का खेल भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम से रिकेलटन ने 101 और वेरियन ने 105 रन बनाए। कप्तान टेम्बा बावुमा 78 रन बनाकर आउट हुए, वहीं ऐडन मार्करम ने 20 और कगिसो रबाडा ने 23 रन बनाए। बाकी प्लेयर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। श्रीलंका से लहिरु कुमारा ने 4 और असिथा फर्नांडो ने 3 विकेट लिए। विश्वा फर्नांडो को 2 और धनंजय डी सिल्वा को 1 विकेट मिला। श्रीलंका ने पहली पारी में मजबूत शुरूआत की। दिमुथ करुणारत्ने ने 20, दिनेश चांदीमल ने 44, एंजलो मैथ्यूज ने 44 और कमिंडु मेंडिस ने 48 रन बनाकर टीम को 300 के करीब पहुंचाया।

## सार संक्षेप

### अनमोल, सतीश गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 के फाइनल में

**गुवाहाटी :** मेजबान भारत के पास यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम दिन महिला एकल अनमोल खरब, पुरुष एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त सतीश कुमार करुणाकरण और महिला एकल में तीन खिताब जीतने का मौका होगा। युगल में गत चैंपियन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो ने जीत दर्ज करते हुए अपने सेमीफाइनल मैच जीते और शिखर मुकाबलों में अपना स्थान पक्का किया। महिला एकल सेमीफाइनल में, अनमोल ने मानसी सिंह को केवल 40 मिनट में 21-19, 21-17 से हराया और सतीश कुमार ने छठे वरीय चीन के वांग झेंग जिंग पर 13-21, 21-14, 21-16 से जीत के साथ दिन का अंत किया। महिला युगल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्विनी और तनीषा ने सेमीफाइनल में चीन की केंग शू लियांग और वांग टिंग गे को 21-14, 21-14 से हराया। उनका सामना ली हुआ झोउ और वांग जी मेंग की एक और चीनी जोड़ी से होगा। सत्रह वर्षीय अनमोल, जो इस साल पहले ही दो अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीत चुकी हैं। अब अपने नए करियर के पहले सुपर 100 खिताब का लक्ष्य लेकर चीनी क्वालीफायर कै यान यान से भिड़ेंगी। पुरुष एकल फाइनल में सतीश कुमार अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक और सुपर 100 खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे। पिछले साल ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 जीतने वाले 23 वर्षीय खिलाड़ी का सामना एक अन्य चीनी क्वालीफायर झू जुआन चेन से होगा। मिश्रित युगल फाइनल में चीन के झांग हान यू और बाओ ली जिंग का मुकाबला इंग्लैंड के रोरी ईस्टन और लिजी टॉल्मन से होगा, जबकि पुरुष युगल फाइनल में चीन के हुआंग डि और लियू यांग का मलेशिया के चिया वेइजी और ल्वी शेंग हाओ से मुकाबला होगा।

### पाकिस्तान हॉकी में स्वर्णिम संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं सुफियान

**लाहौर :** तेजी से उभरते ड्रैग-फ्लिकर सुफियान खान ने विश्वास जताया है कि 2025 में पाकिस्तान की हॉकी टीम किसी बड़े टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतेगी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की बढ़ती संख्या के साथ, सुफियान का मानना है कि वैश्विक हॉकी में सफल वापसी की नींव रखी जा चुकी है। हाल ही में एफआईएच राइजिंग स्टार नामित किये गये सूफियान ने कहा कि हालांकि खिलाड़ियों, महासंघ और सरकार द्वारा बहुत काम किया जाना बाकी है, लेकिन संकेत उत्साहजनक हैं कि पाकिस्तान अगले साल से स्वर्ण पदक हासिल करने की स्थिति में होगा। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान मस्कट, ओमान में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किये गये सुफियान ने यहां नेशनल हॉकी स्टेडियम में डॉन को एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि वह मस्कट में जूनियर एशिया कप में भी शीर्ष स्कोरर रहे, जहां पाकिस्तान फाइनल में भारत से 5-3 से हार गया। पाकिस्तान इस मैच में 3-1 से पिछड़ने के बाद बन्नू में जन्मे सुफियान केने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दो गोल की बदौलत 3-3 से बराबरी पर आ गया था मगर आखिरकार जीत भारत की हुयी। सुफियान ने बताया कि 3-3 से बराबरी के बाद उम्मीद थी कि पाकिस्तान बढ़त ले सकता है, लेकिन भारतीय बेहतर तरीके से तैयार थे। भारतीय टीम एक साल के प्रशिक्षण दौरे के बाद सीधे हॉलैंड से आई थी और अच्छी तरह से तैयार थी।

## वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड की हालत पतली

### गस ऐटकिंसन ने झटके चार विकेट, न्यूजीलैंड को 125 रन पर समेटा

### इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर बनाए 378 रन, कुल बढ़त 533 रन की

● वेलिंगटन,

**धारदार** गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दूसरे दिन शनिवार को अपना शिकंजा कस लिया है।

गस ऐटकिंसन (31 रन पर चार विकेट) और ब्राइडन कार्स (46 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने मेजबान टीम को 125 रनों पर समेट दिया। बाद में बेन डकेट (92),जेकब बेथेल (96),जो रुट (73 नाबाद) और हैरी ब्रूक (55) की शानदार पारी की मदद से पांच विकेट पर 378 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। इंग्लैंड ने पहली पारी के 280 रन बनाये थे। इस तरह इंग्लैंड की कुल बढ़त 533 रन की हो चुकी है। अनुभवी केन विलियम्सन (37) ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में सर्वाधिक स्कोर बनाया। कीवी टीम के चार सदस्य शून्य के स्कोर पर आउट हुये वहीं रचिन रविंद्र (3) और डैरिल मिचेल छह रन बना कर आउट हुये।




## जूनियर एशिया कप में अपना खिताब बचाने को भारत तैयार

● मस्कट,

**भारतीय** महिला टीम ओमान में जूनियर एशिया कप का खिताब बचाने के इरादे से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

सात से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में भी काम करेगा, जो चिली में खेला जाना है। भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडकर, कप्तान ज्योति सिंह और उपकप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो और मुमताज खान जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल चुकी हैं। पिछले साल भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता था। भारत को पूल ए में रखा गया है और उसका मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार भिड़ेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें न केवल सेमीफाइनल में जगह पक्की करेंगी, बल्कि अगले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल की तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम जूनियर विश्व कप के लिए अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। कप्तान ज्योति ने कहा कि हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की जोरदार शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब बचाना चुनौतीपूर्ण होने वाला है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सब कुछ देगी और हमारे देश को गौरवान्वित करेगी। यह टूर्नामेंट इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम फिर से खिताब घर लाने के लिए दोगुना प्रतिबद्ध हैं। उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा कि टीम ने टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत की है।

## नौंवी बार 'एशिया' फतह करने उतरेगा भारत

### खिताबी मुकाबला आज बांग्लादेश से होगा, आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी पर होगी निगाहें

● दुबई,

**मोहम्मद** अमान के नेतृत्व वाली भारतीय टीम रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप अंडर-19 के खिताब के साथ साथ टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में सेमीफाइनल में पड़ोसी देश से मिली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत और बांग्लादेश 2023 सेमीफाइनल के दोबारा मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह गत चैंपियन और सबसे अधिक आठ बार एसीसी अंडर एशिया कप ट्रॉफी वाले देश के बीच मुकाबला होगा। मैच आज सुबह सवा दस बजे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरु होगा जिसका सजीव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जायेगा। मौजूदा प्रतियोगिता में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में मिली हार को छोड़ दें तो भारत ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराया है, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ कल का सेमीफाइनल मैच भी शामिल है, जहां उन्होंने 28 ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से आसानी से जीत हासिल की। दूसरी ओर, बांग्लादेश भी उतना ही प्रभावशाली रहा है, जिसने ग्रुप चरण में श्रीलंका से केवल एक मैच हारा और दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। भारत के लिए, आयुष म्हात्रे और 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अब तक खेले गए चार मैचों में क्रमशः 175 और 167 रन के साथ सबसे अधिक स्कोरिंग की है। बांग्लादेश के लिए उनका हथियार गेंदबाजी आक्रमण है जो अब तक विरोधी टीम के लिये घातक साबित हुआ है।

मोहम्मद अल फहद 10 विकेट के साथ विकेट लेने वालों की संख्या में सबसे आगे हैं, उनके बाद मोहम्मद इकबाल हसन इमोन हैं, जिनके पास भी इतने ही विकेट हैं। कुल मिला कर देखा जाये तो यह भारत के रोमांचक बल्लेबाजी क्रम और बांग्लादेश की मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप के बीच टकराव होगा। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में बांग्लादेश ने सेमीफाइनल मैच में भारत को 43 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराया था जिसके बाद उसने मेजबान संयुक्त अरब अमीरात को फाइनल में हरा कर खिताब अपने नाम किया था। दूसरी ओर भारत 1989, 2003, 2012, 2013-14, 2016, 2018, 2019, 2021 में एशिया कप की प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने घर लाने में सफल रहा है।



### विश्व शतरंज में गुकेश और लिरेन के बीच 10वीं बाजी भी ड्रा



**चेन्नई,** विश्व शतरंज चैंपियनशप में चैलेंजर डी.गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच दसवीं बाजी भी बराबरी पर छूटी। यह मुकाबला 36 चालों तक चला। यह लगातार सातवां और 14 मैचों के क्लासिकल गेम में आठवां ड्रॉ है। चार गेम शेष रहते हुए दोनों खिलाड़ी 5-5 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। शेष खेलों में 2.5 अंक हासिल करने वालों को विश्व खिताब का ताज पहनाया जाएगा। व्हाइट के साथ खेलते हुए, डिंग लिरेन ने एक बार फिर लंदन प्रणाली को दोहराते हुए उस पंक्ति को चुना जिसका उपयोग उसने खेल छह में किया था। 11वां गेम रविवार को होगा जब गुकेश सफेद मोहरों से खेलेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)